दैनिक प्रकाशन के
41 साल सफ़र बेमिसाल

चिंगारी

संस्थापक: बाबू सिंह चौहान
भली लगे या बुरी..
बात कहे ख़री

बिजनौर : मंगलवार, 03 नवम्बर , 2026
अंक- 10 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

चांदी बार, चांदी के सिक्के, बर्तन, मूर्तियां आदि की नई-नई आधुनिक वैरायटियां

MMTC के सोने व चांदी के सिक्के भी मिलते हैं



मैं... ईश्वर की शपथ लेता हूं...

बिजनौर टाइम्स व चिंगारी के संवाददाताओं ने मिशनरी पत्रकारिता की शपथ ली



समूह संस्थापक श्रद्धेय बाबूसिंह चौहान के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।







रविवार को बिजनौर टाइम्स समूह के संवाददाताओं की एक मीटिंग में समूह के प्रधान संपादक चंद्रमणि रघुवंशी की अध्यक्षता में सांध्य दैनिक चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी ने संवाददाताओं से अपना दाहिना हाथ आगे कर शपथ दिलाई, 'मैं ..... ईश्वर की शपथ लेता हूं कि बाबू सिंह चौहान द्वारा स्थापित दैनिक बिजनौर टाइम्स और सांध्य दैनिक चिंगारी की मिशनरी पत्रकारिता करूंगा, जनहित में अपना क़लम चलाऊंगा, समाज के कमजोर, गरीब, पीड़ित और शोषित व्यक्तियों की पीड़ा को आवाज दूंगा तथा संस्थान की परंपराओं व नीतियों के अनुरूप कार्य करता रहूंगा और जन सरोकारों को तरजीह दूंगा'।

बिजनौर (चिंगारी)। आज़ादी के आठ दशक में देश की आर्थिक नीतियां बदल गईं, राजनीति समाजसेवा से पेशा बन गई, पत्रकारिता व्यवसाय/उद्योग बन गई... इस अवधि में और न जाने क्या-क्या बदल गया। परन्तु बदलते हुए इस दौर में आज भी अगर कुछ नहीं बदला तो मूर्धन्य पत्रकार, संपादक, क़लम के योद्धा बाबूसिंह चौहान के सिद्धांत, मूल्य और नीतियां नहीं बदली हैं।

इस घोर व्यावसायिक दौर में जब मीडिया जगत ने मिशनरी पत्रकारिता की तिलांजलि दे दी है, तब भी बिजनौर टाइम्स समूह संस्थान आज भी अपने संवाददाताओं को मिशनरी पत्रिकारिता करने, समाज के कमजोर, ग़रीब, पीड़ित और शोषित व्यक्तियों की पीड़ा को वाणी देने की शपथ दिला रहा है।

रविवार, 01 नवम्बर 2026 को बिजनौर टाइम्स समूह द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मान समारोह में सभी संवादाताओं को मिशनरी पत्रकारिता पर अडिग रहने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही सामाजिक समरसता, साम्प्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प व्यक्त किया गया। आम आदमी की आवाज बुलंद करने की प्रतिज्ञा की गई।

सब कुछ बदला, लेकिन संपादकीय नीति नहीं बदली

यूं तो चिंगारी की स्थापना साप्ताहिक समाचार-पत्र के रूप में 26 जनवरी 1950 को जिस दिन देश का गणतंत्र लागू हुआ था, उस दिन हुई थी। चिंगारी के संस्थापक क़लमकार बाबूसिंह चौहान द्वारा मिशनरी पत्रकारिता के उद्देश्य से जो नीतियां लागू की गई थी, बिजनौर टाइम्स समूह संस्थान आज भी उन्हीं नीतियों पर अडिग है। 25 अक्टूबर 1985 को चिंगारी साप्ताहिक से दैनिक हो गया था। इस वर्ष सांध्य दैनिक चिंगारी ने अपने गौरवशाली 41 वर्षों की यात्रा पूर्ण कर ली है।

देश के गणतंत्र को 8 दशक पूरे होने जा रहे हैं। इस अवधि में देश की आर्थिक नीतियां बदल गई हैं। खादी का चाल-चलन पूरी तरह बदल गया है यानि राजनीति समाजसेवा से पेशा बन गई है। अखबारों से मिशनरी पत्रकारिता गायब हो चुकी है। मीडिया ने व्यवसाय का रूप ले लिया है। परंतु अपनी स्थापना के लगभग 8 दशक की अवधि में भी चिंगारी बाबू सिंह चौहान के उसूलों से इधर-उधर नहीं हुआ है।

इसी तरह बिजनौर जनपद के प्रथम हिंदी दैनिक समाचार-पत्र बिजनौर टाइम्स की स्थापना 14 नवम्बर 1963 को हुई थी। तब से लेकर आज तक दैनिक बिजनौर टाइम्स उसी इमारत पर टिका हुआ है, जिसकी बुनियाद बाबूसिंह चौहान ने रखी थी। काफी उतार-चढ़ाव आये, लेकिन बिजनौर टाइम्स की संपादकीय नीति में कोई परिवर्तन नहीं आया। लोकतांत्रिक मूल्यों, साम्प्रदायिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब के सजग प्रहरी के रूप में बिजनौर टाइम्स पिछले 63 वर्षों से अलख जगा रहा है।



...यह चौहान साहब की आत्मा की आवाज़ थी

संवाददाताओं को यह शपथ सिर्फ कागज पर नहीं दिलाई गई बल्कि यह चौहान साहब की आत्मा की आवाज़ थी, जो सारा जीवन मिशनरी पत्रकारिता करते रहे और मिशनरी पत्रकारिता के लिए जेल भी गए। चौहान साहब के 6 अप्रैल 1999 को देहावसान के बाद आज भी बिजनौर टाइम्स समूह संस्थान उनके द्वारा बनाई गई नीतियों और मिशनरी पत्रकारिता के पथ पर चलकर मीडिया जगत को यही संदेश दे रहा है चाहे परिस्थितियों जैसी भी रहें, मगर मिशनरी पत्रकारिता की मशाल हमेशा जलती रहेगी। और बिजनौर टाइम्स समूह परिवार उनकी नीतियों, सिद्धांतों और मूल्यों के पथ पर हमेशा चलता रहेगा।

पत्रकारिता को नये आयाम देगा चिंगारी डिजिटल



बिजनौर टाइम्स समूह की मिशनरी पत्रकारिता को चिंगारी डिजिटल प्लेटफार्म नये आयाम देगा। डिजिटल की कमान शुभ रघुवंशी व उनकी टीम को सौंपी गई है। शीघ्र ही नये तेवर के साथ चिंगारी यूट्यूब चैनल लॉन्च होगा। इस चैनल पर ख़बरों के साथ-साथ ऐतिहासिक, राजनीतिक व सामाजिक गतिविधियों पर आधारित स्टोरीज भी साझा होंगी। साथ ही पॉडकास्ट भी रहेगा। शुभ रघुवंशी व अनुभव वर्मा ने संवाददाताओं को डिजिटल प्लेटफार्म की बारीकियों के बारे में जानकारी दी। श्री विपिन भारद्वाज ने संस्थान की विज्ञापन नीति साझा की।

संवाददाताओं को सम्मानित किया गया

दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी के सभी संवादाताओं को दीपावली का उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ दोनों समाचार-पत्रों के वितरकों/एजेंटों को संवाददाताओं के माध्यम से उपहार भेजे गये। बिजनौर नगर के वरिष्ठ समाचार-पत्र वितरक श्री दिनेश कुमार शर्मा को कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से सम्मानित करते हुए दैनिक बिजनौर टाइम्स के प्रसार में उनके योगदान की सराहना की गई। इसके अलावा जिन संवादाताओं का नवम्बर माह में जन्मदिन या शादी की सालगिरह है, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दो बच्चियां वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान की पौत्री अदविका चौहान व डॉ. सज्जन की पौत्री आयरा मलिक भी मौजूद रहीं, उन्हें भी उपहार भेंट किये गये।



श्री दिनेश कुमार शर्मा व उनके सुपुत्र को सम्मानित करते हुए संपादकगण।



कार्यक्रम में अदविका चौहान व आयरा मलिक की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही। दोनों बच्चियों को उपहार भेंट किये गये।

दीपावली पर मिट्टी के 11 दीये देश के नाम

बिजनौर टाइम्स समूह के संवाददाता सम्मान समारोह में दीपावली की खुशियां साझा करते हुए देश के नाम 11 दीप प्रज्वलित करने का संकल्प लिया गया। दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी के मुस्लिम संवाददाताओं ने भी सहर्ष घोषणा की कि वह दीपावली पर मिट्टी के 11 दीये जलाकर साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश देंगे। कहा गया कि अलग-अलग धर्म व समुदाय से होने के बावजूद हम सभी एकता और भाईचारे की डोर को मजबूत करेंगे तथा सभी धर्मों व समुदायों के पर्वों में शामिल होंगे। इसी के साथ समस्त देशवासियों से दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाने का आह्वान किया गया।

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 03 नवम्बर , 2026

नेपाल में बड़ा हादसा, लैंडिंग के समय आपस में टकरा गए 2 हेलीकॉप्टर

एक विदेशी यात्री की मौत

काठमांडू (एजेंसी/चिंगारी)। नेपाल के माउंट एवरेस्ट क्षेत्र में आज सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, फेरिचे में लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस दर्दनाक हादसे में एक यात्री की मौत हो गई। हादसा नेपाल के सोलुखुम्बू जिले के बर्फीले इलाके में हुआ। पुलिस ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि एवरेस्ट क्षेत्र में लैंडिंग की कोशिश के दौरान दो छोटे हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर क्रैश हो गए। हादसे में एक विदेशी नागरिक की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य शख्स घायल भी हुआ है। सोलुखुम्बू जिला पुलिस के प्रभारी नवीन राजा बुढाथोकी ने बताया, एक विदेशी नागरिक की मौके पर ही मौत हो गई है और एक घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है।



वीडियो में दिखा खौफनाक नज़ारा

सोशल मीडिया पर हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह कुछ लोग हेलीकॉप्टर की लैंडिंग का इंतजार कर रहे थे। तभी अचानक वहां 2 हेलीकॉप्टर आ गए और दोनों आपस में टकरा गए। टकराते ही दोनों हेलीकॉप्टरों के परखचे उड़ गए और वे जमीन पर गिर पड़े। इससे आस-पास खड़े लोगों में अफरा-तफरी मच गई है। पुलिस के मुताबिक हादसा तब हुआ जब दोनों छोटे हेलीकॉप्टर एक साथ लैंड करने की कोशिश कर रहे थे। बता दें कि पड़ोसी देश नेपाल में पर्यटकों, पर्वतारोहियों और लॉजिस्टिक्स को पहुंचाने के साथ-साथ इमरजेंसी के दौरान भी छोटे हेलीकॉप्टरों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि नेपाल की भौगोलिक परिस्थितियों और खराब मौसम में इन हेलीकॉप्टर्स को उड़ाना चुनौतीपूर्ण होता है।

भारत के झंडे वाले जहाज पर बीच समुद्र में हमला, एक की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। ओमान के तट के पास भारतीय झंडे वाले एक मालवाहक जहाज पर सोमवार को हमला हुआ। इस घटना में जहाज पर सवार एक भारतीय नाविक की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य को सुरक्षित बचा लिया गया। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज इसकी जानकारी दी। मंत्री के मुताबिक, भारतीय जहाज एमएसवी अल जुसुफी ओमान के तट के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात हवाई वस्तु ने उसे निशाना बनाया गया। जहाज पर कुल 14 भारतीय नाविक सवार थे। हमले में घायल एक नाविक की जान नहीं बचाई जा सकी। मृतक की पहचान गुजरात के रहने वाले गांधार नाहिम अजीज के रूप में हुई है। सर्बानंद सोनोवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि जहाज पर मौजूद 13 चालक दल के सदस्य सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। ओमान के तटरक्षक बल ने उनका रेस्क्यू किया। उन्होंने बताया कि ओमान स्थित भारतीय दूतावास स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है।



महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।



आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज






हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

नहर में मिला गुलदार का शव



शेरकोट (चिंगारी)। सोमवार की देर शाम खो बैराज के पास छेटी पोषक नहर में गुलदार का शव मिला। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम कड़ी मशक्कत के बाद गुलदार का शव निकालकर अपने साथ वन क्षेत्र कार्यालय धामपुर ले गए। जानकारी के अनुसार कल शाम कुछ लोगों ने खो बैराज से निकलने वाली बंद पड़ी एक गेटी नहर में गुलदार का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दिए जाने पर डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह और वन दरोगा सुनील कुमार राजोरा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। अंधेरे में काफी देर तक तलाश करने पर बेराज से लगभग दो सौ मीटर दूर नहर में नर गुलदार का शव पड़ा मिला। वन कर्मियों ने घनी झाड़ियों से नहर में उतरकर कड़ी मशक्कत के बाद भारी भरकम गुलदार के शव को बाहर निकाला और अपने साथ ले गए। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि मृत गुलदार नर गुलदार की उम्र लगभग छह वर्ष है। प्रथम दृष्टया गुलदार की मौत प्राकृतिक प्रतीत हो रही है।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब



M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

केक काटकर मनाया एफआरसीटी का स्थापना दिवस

नजीबाबाद (चिंगारी)। एफआरसीटी (फास्ट रिलीफ चैरिटेबल टीम) उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व क्षेत्रीय मंत्री भाजपा, एवं विधायक पद प्रत्याशी श्रीमती लीना सिंघल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड कानूनगो ऋषिपाल ने की। एफआरसीटी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का बुके/फूल माला देकर व एफआरसीटी का पटका पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजपाल सिंह ने किया। देवेंद्र कुमार ने स्थापना से लेकर अब तक की सारी जानकारी दी। श्रीमती लीना सिंघल ने एफआरसीटी से प्रभावित होकर संस्था से जुड़ने की बात भी कही तथा बताया कि यह संस्था समाज हित में बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। जिला महामंत्री धनीराम ने जनपद बिजनौर में नवंबर माह में बेटी विवाह शगुन योजना में जिले का प्रथम सहयोग होने के विषय में जानकारी दी। डॉ. राजपाल सिंह ने योजना की पारदर्शिता के विषय में बताया। ऋषिपाल ने इस संस्था के कार्य की प्रशंसा की। श्रीमती लीना सिंघल, संस्था के जिला अध्यक्ष डॉ देवेंद्र सिंह तथा ऋषिपाल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर एफआरसीटी की द्वितीय स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी पीतम सिंह, डॉ. सहदेव सिंह, विमल कटारिया, बिरेंद्र सिंह, पवन कुमार भारती, अजीत कुमार आदित्य, अशोक कुमार, राजेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार, अमृतलाल, श्रीमती सुनीता आर्य, श्रीमती उषा देवी, श्रीमती किरण देवी, श्रीमती विद्यावती, श्रीमती सुमन देवी, अंजू, रेखा, नूतन, पूनम आदि सदस्य उपस्थित रहे।



अतिथिगण केक काटकर एफआरसीटी का स्थापना दिवस मनाते हुए।

अकबरपुर आंवला पहुंची जांच टीम ने विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखी

नजीबाबाद (चिंगारी)। विकासखंड नजीबाबाद की ग्राम पंचायत अकबरपुर आंवला में विकास कार्यों के नाम पर कथित वित्तीय अनियमितताओं, सरकारी धन के दुरुपयोग व घटिया निर्माण कार्यों की शिकायतों को लेकर सोमवार को प्रशासनिक अमला गांव पहुंचा। उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग, लखनऊ के आदेश पर गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने गांव में पहुंचकर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखी। टीम के स्थलीय निरीक्षण के दौरान गांव की बदहाल सड़कों, जल निकासी की समस्या व सफाई व्यवस्था, स्कूलों के शौचालय में गंदगी, पंचायतघर में घटिया निर्माण कार्य की स्थिति सामने आई। ग्रामीणों ने भी अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखते हुए कई विकास कार्यों पर गंभीर सवाल उठाए। ग्राम पंचायत अकबरपुर आंवला में कराए गए विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर शिकायत की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए, उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने जिलाधिकारी बिजनौर को शिकायतकर्ता को जांच में शामिल करते हुए निष्पक्ष जांच कराने व 6 नवंबर 2026 तक जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा शिकायत के विभिन्न बिंदुओं की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। जांच समिति में अतुल कुमार, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, विकास कुमार, सहायक विकास अधिकारी स्थलीय निरीक्षण करते अधिकारी (कृषि) तथा प्रवीण कुमार, अवर अभियंता को शामिल किया गया। इस मौके पर शिकायतकर्ता डॉ. तारिक जकी, ग्राम प्रधान शबनम के पति रईस अहमद, रईसुद्दीन, पूर्व प्रधान बाबूराम, सुशील चैहान, भूरा, शकील अहमद, मोहम्मद हनीफ, फिरोज, बंटी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

बाबा के दर्शन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। यूपी उत्तराखंड बॉर्डर चिड़ियापुर स्थित सरभंग बाबा के स्थान पर मंडावली क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर निवासी शौकीन सिंह की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होती है। प्रत्येक सोमवार को दूर दराज से श्रद्धालु आते है। लंबी-लंबी लाइनों में लगकर बाबा के दर्शन करते है और बड़े प्रेम भाव के साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते है। अमित कुमार, अजीत कुमार, अजयपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, विवेक कुमार, विक्रम सिंह, ओमकार सिंह, सुधांशु सिंह, राकेश सिंह आदि सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।





नहर पटरी पर टैंकरों की लंबी कतार, किसकी शह पर चल रहा अवैध कारोबार

तेल डिपो से महज 500 मीटर दूर तेल चोरी का खेल

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम लालूवाला धनौरा से नहर किनारे तक फैले कथित तेल चोरी के नेटवर्क की चर्चाएं काफी तेज है। टैंकरों से हजारों लीटर तेल निकालकर बेचने के आरोप है। नजीबाबाद में तेल चोरी का कथित काला कारोबार एक बार फिर सुर्खियों में है। तेल डिपो से निकलने वाले टैंकरों से बड़े पैमाने पर तेल चोरी किए जाने के आरोपों ने पुलिस-प्रशासन व संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि जिस स्थान पर कथित रूप से तेल चोरी का खेल संचालित होने की चर्चा है, वह तेल डिपो से महज 500 मीटर की दूरी पर बताया जा रहा है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि डिपो के इतने नजदीक यदि टैंकरों से तेल निकालने का खेल चल रहा है तो जिम्मेदार विभागों की निगरानी आखिर कहां है? नजीबाबाद थाना क्षेत्र की जलालाबाद चौकी व आदर्शनगर चौकी के अंतर्गत आने वाले इलाकों में तेल चोरी के कथित कारोबार को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय लोगों के अनुसार लालूवाला धनौरा से लेकर नहर पटरी तक कई स्थानों पर तेल के टैंकरों की लंबी कतारें देखी जाती हैं। आरोप है कि इन टैंकरों को निर्धारित स्थानों पर खड़ा कर उनमें से तेल निकालने का अवैध खेल किया जाता है। यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो यह केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने का मामला नहीं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा से जुड़ा बेहद गंभीर विषय है। नजीबाबाद के आदर्शनगर में पूर्व में हुई दर्दनाक घटना आज भी लोगों के जहन में ताजा है। उस हादसे में कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। तेल जैसे अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ के अवैध भंडारण व असुरक्षित तरीके से रखरखाव के खतरे किसी से छिपे नहीं हैं। इसके बावजूद यदि आबादी व आवागमन वाले क्षेत्रों के आसपास टैंकरों से तेल निकालने की गतिविधियां संचालित हो रही हैं तो यह किसी बड़े अग्निकांड को खुला न्योता देने जैसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का सवाल है कि आखिर टैंकरों को नहर पटरी पर लंबे समय तक खड़े रहने की अनुमति कैसे मिल रही है? क्या इन वाहनों की नियमित जांच होती है? क्या तेल डिपो से निकलने के बाद टैंकरों की आवाजाही व गंतव्य की निगरानी की जाती है? यदि टैंकरों से रास्ते में तेल निकाला जा रहा है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी बनती है? क्षेत्र के लोगों ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।



तेल चोरी करने के लिए नहर पटरी पर खड़ा तेल से भरा टैंकर।

शेरकोट मुस्लिम फंड कमेटी के नायब सेक्रेट्री कारी रईस कुरैशी का इंतकाल



शेरकोट (चिंगारी)। शेरकोट मुस्लिम फंड कमेटी के नायब सेक्रेटरी एवं उ प्र उद्योग व्यापार मंडल के नगर महामंत्री क़ारी रईस कुरैशी (सेट वालो)का बीती रात हार्ट अटेक होने इंतकाल हो गया। 70 वर्षीय क़ारी साहब अचानक के इंतकाल की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के मुहल्ला अफगानान निवासी क़ारी रईस कुरैशी फिलहाल में पंजाब नेशनल बैंक के निकट स्थित अपने घर में रह रहे थे। उनके पुत्र मौ शहबाज़ ने बताया कि देर रात साढ़े ग्यारह बजे अचानक तबीयत खराब होने पर उनको उपचार हेतु तत्काल धामपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां से रेफर कर दिये जाने पर परिजन उन्हें मुरादाबाद के एक अस्पताल में ले गए, परंतु वहां उपचार शुरू होने से पहले ही उन्होंने दम तोड दिया। क़ारी साहब के इंतकाल से उनके परिजनों में कोहराम मच गया तथा उनके परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई और उनके आवास पर शोक संवेदना व अंतिम दर्शन करने वालों की भीड़ लग गई। क़ारी साहब लम्बे समय से मैंन मार्केट में जूतों की दुकान करते थे। वे हमेशा व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं के मुद्दों पर आवाज़ उठाने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे लम्बे समय से मुस्लिम फंड और व्यापार मंडल से जुड़े थे तथा मौजूदा समय में नायब सेक्रेटरी और महामंत्री थे।वे एक खुशमिजाज और मिलनसार इंसान थे। क़ारी साहब अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र और दो पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। बाद नमाज़ ए जौहर गमगीन माहौल में उन्हें सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। उनके जनाजे में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

शोक अवकाश रहा

शेरकोट मुस्लिम फंड कमेटी में नायब सेक्रेटरी क़ारी रईस कुरैशी के इंतकाल पर मंगलवार को मुस्लिम फंड और मुस्लिम फंड गर्ल्स इंटर कालेज में अवकाश घोषित कर दिया गया। दोनों संस्थाओं में सुबह से ही अवकाश रहा और उनके लिए दुआएं

वरिष्ठ नागरिकों से सामाजिक उत्थान के लिए सुझाव आमंत्रित किए

नजीबाबाद (चिंगारी)। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति नजीबाबाद इकाई की मासिक सभा ब्राह्मण धर्मशाला के सभा मंडप में संपन्न हुई। समिति के अध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह कक्कड़ की अध्यक्षता एवं मंत्री मदन गोपाल टांक के संचालन में कोषाध्यक्ष यशपाल सिंह ने प्रस्तुत दस्तावेज़ के द्वारा समिति की एफडीज, खर्च, आय-व्यय के ब्यौरे सहित संभावित खर्चों का विवरण प्रस्तुत किया। भविष्य की योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री को वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल, बस आदि के किराए में छूट के लिए लिखे गए पत्र-व्यवहार, आयुष्मान कार्ड, पिकनिक, वार्षिक पत्रिका को द्वि-वार्षिक करने पर विचार, सभी सदस्यों से लेख, कविता, गीत, ग़ज़ल, कहानी, एवं अन्य सामाजिक उत्थान के लिए लिखे सुझाव आमंत्रित किए जाने के लिए अंतिम तिथि 31 दिसंबर निश्चित किए जाने का निर्णय आदि पर विषय पर चर्चा हुई। इस अवसर पर लोक कवि कर्मवीर सिंह, गीतकार इंद्रदेव भारती, कवि अशोक सविता ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। सभी के धन्यवाद के बाद समापन हुआ। यह जानकारी मदन गोपाल टांक मंत्री वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने दी।



शराब की दुकान के ताले तोड़कर हजारों की शराब व नकदी चुराई

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के गांव गुनियापुर में आबादी के बीच स्थित कंपोजिट अंग्रेजी शराब की दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए हजारों रुपये की शराब व नकदी चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार दुकान स्वामी कार्मेंद्र सिंह का शराब की दुकान के पड़ोस में ही कारोबारी प्रतिष्ठान है। सोमवार को जब वह अपने प्रतिष्ठान पर पहुंचे तो कंपोजिट शराब की दुकान के ताले टूटे हुए मिले। उन्होंने तत्काल दुकान संचालक मोहनपुर निवासी नरेंद्र कुमार को इसकी सूचना दी। दुकान से 13 हजार रुपये से अधिक कीमत की शराब व नकदी गायब मिली। ग्राम प्रधान रविंद्र सहरावत की सूचना पर आबकारी विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अमित कुमार तथा उप निरीक्षक रामवीर शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर सामने आया कि बिना नंबर की स्विफ्ट कार से तीन युवक दुकान पर पहुंचे तथा उन्होंने ताले तोड़कर चोरी की वारदात की अंजाम दिया। बताया गया कि आरोपियों ने साहनपुर क्षेत्र में मालन नदी के पास स्थित एक अन्य कंपोजिट शराब की दुकान को भी निशाना बनाया। वहां भी शटर के ताले तोड़ दिए, लेकिन अंदर लगे ताले नहीं तोड़ पाने के कारण चोरी करने में सफल नहीं हो सके। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।



भली लगे या बुरी...

कचरा एक बड़ी समस्या

गांव हों या नगर, या फिर महानगर कचरा एक गंभीर समस्या बन गया है और कचरा प्रबंधन एक बड़ी चुनौती है। देश में अभी तक ऐसा सिस्टम विकसित नहीं हो पाया, जिससे समूचे कचरे की समस्या का समाधान हो सके। हालांकि कचरे से कई उपयोगी वस्तुओं का निर्माण होने लगा है, किंतु कचरे की समस्या बनी हुई है। देश के अधिकतर शहरों व गांवों के बाहरी छोर पर सड़कों के किनारे लगे कूड़े-कचरे के ढेर हमारे पूरे सिस्टम पर प्रश्नचिन्ह लगाते प्रतीत होते हैं। साथ ही हमारी सोच को भी दर्शाते हैं। कचरे को लेकर आंकड़े बहुत चौंकाने वाले और चिंतित करने वाले हैं। कहा जाता है शहरी भारतीय एक साल में औसतन 200 किलो कचरा पैदा करता है। जैसे-जैसे शहर का आकार बढ़ता जाता है, वैसे-वैसे प्रति व्यक्ति कचरे का उत्पादन भी बढ़ता जाता है। एक लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों में प्रति व्यक्ति 300 ग्राम कचरे की पैदावार होती है। जबकि 10 लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले शहर में एक व्यक्ति हर रोज 550 ग्राम कचरा पैदा करता है। भारत के 7882 छोटे नगर जितना कुल कचरा (82 हजार मैट्रिक टन प्रतिदिन) पैदा करते हैं, 53 बड़े शहर उससे ज्यादा कचरा (88 हजार मैट्रिक टन प्रतिदिन) पैदा करते हैं। एक बार भी हम अपने आर्थिक विकास की नीतियों पर पुनर्विचार करने को तैयार नहीं हैं, इसीलिए स्वच्छ भारत अभियान खानापूरी से ज्यादा कुछ नहीं है। जिस आर्थिक उन्नति पर हम गर्व कर रहे हैं, उसके एक दौर में एक दिन में पैदा होने वाले कचरे की मात्रा में ढाई गुना की बढ़ोतरी हुई है। 1999-2000 में हमारे शहर एक दिन में 52125 मैट्रिक टन कचरा पैदा करते थे, जो वर्ष 2022 में बढ़ कर लगभग तिगुना मैट्रिक टन हो गया। विशेषज्ञों का कहना है कि अभी कोई दिक्कत नहीं है। विकसित देशों में एक व्यक्ति 1 से 2.5 किलो ठोस कचरा प्रतिदिन पैदा करता है, हम तो केवल 450 ग्राम ही करते हैं। यह सोच स्वाभाविक है क्योंकि विकास का पूरा नजरिया तो हमने वहीं से लिया है। यदि गांधी का नाम लिया है, तो वह ऐसी जीवन शैली की बात कर रहे थे, जो कम से कम कचरा पैदा करे।

सांस्कृतिक चेतना से भरपूर भारत की शाश्वत पहचान है हिंदुत्व

भारत की सांस्कृतिक एकता उसकी विविध अभिव्यक्तियों में दिखाई देती है। अलग-अलग क्षेत्रों के मंदिर, लोकदेवता, उत्सव, कथाएं और भाषाएं अपनी विशिष्टता रखते हुए भी अनेक साझा सूत्रों से जुड़े हैं। रामायण और महाभारत की कथाएं विभिन्न भाषाओं और कलाओं में नये रूप ग्रहण करती रही हैं। तीर्थयात्राओं ने दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को मिलने और एक-दूसरे को जानने के अवसर दिए हैं। इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान ने भारत की पहचान को समृद्ध और उसकी आत्मीय एकता को सुदृढ़ किया है।

-सुरेन्द्र शर्मा

भारत केवल एक भूभाग नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से विकसित होती एक जीवंत सभ्यता है। इसकी पहचान नदियों, पर्वतों, नगरों और सीमाओं के साथ उन विचारों, संस्कारों और परंपराओं से बनती है, जिन्होंने पीढ़ियों को आपस में जोड़ा है। भारत की इसी सांस्कृतिक निरंतरता को समझने का एक दृष्टिकोण हिंदुत्व है। इस संदर्भ में हिंदुत्व का अर्थ हिंदू सभ्यता से विकसित उस व्यापक सांस्कृतिक चेतना से है, जिसमें जीवन के प्रति श्रद्धा, कर्तव्यबोध, आध्यात्मिक खोज और लोककल्याण का भाव समाहित है। भारत की पहचान हिंदुत्व का विचार अपनी सार्थकता तब प्राप्त करता है, जब वह सांस्कृतिक आत्मबोध के साथ प्रत्येक भारतीय की समान गरिमा को स्वीकार करे। भारत अनेक धर्मों, भाषाओं और समुदायों का साझा देश है, इसलिए उसकी सांस्कृतिक जड़ों का सम्मान और उसकी विविधता का आदर एक साथ चलना चाहिए। अपनी विरासत पर गर्व का श्रेष्ठ रूप वह है, जो हमें आत्मविश्वासी, उदार और उत्तरदायी बनाए तथा देश के प्रत्येक नागरिक में अपनत्व का भाव जगाए।

भारत की सभ्यता की एक विशिष्ट विशेषता सत्य की खोज रही है। यहां जीवन के गहरे प्रश्नों पर चिंतन हुआ है। जैसे-मनुष्य कौन है, उसका कर्तव्य क्या है और जीवन का उद्देश्य क्या होना चाहिए? वेदों, उपनिषदों, गीता तथा विभिन्न दर्शन-परंपराओं में इन प्रश्नों के अनेक उत्तर मिलते हैं। विचारों की यह बहुलता भारतीय बौद्धिक जीवन की समृद्धि है। सांस्कृतिक अर्थ में हिंदुत्व की शक्ति इसी जिज्ञासा में देखी जा सकती है, जहां श्रद्धा के साथ प्रश्न करने और समझने के लिए भी स्थान हो।



हिंदू परंपरा में धर्म का संबंध पूजा-पद्धति के अतिरिक्त आचरण और कर्तव्य से भी है। सत्य बोलना, न्याय करना, निर्बल की सहायता करना, माता-पिता की सेवा करना और अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना धर्म के व्यावहारिक रूप हैं। इस दृष्टि से हिंदुत्व की पहचान व्यक्ति के व्यवहार में प्रकट होनी चाहिए। मंदिर में प्रार्थना के साथ समाज के दुख को समझना और उसे दूर करने का प्रयास करना हमारी सांस्कृतिक चेतना को जीवन में उतारता है। वसुधैव कुटुम्बकम् का भाव भारतीय चिंतन की व्यापकता का सुंदर परिचायक है। समस्त पृथ्वी को परिवार मानने वाली दृष्टि हमें अपने हितों के साथ दूसरों की आवश्यकताओं और सम्मान के प्रति भी संवेदनशील बनाती है। परिवार में मतभेद हो सकते हैं, फिर भी संबंधों का आधार आत्मीयता रहता है। इसी प्रकार समाज में विविध विश्वासों और जीवन-पद्धतियों के बीच संवाद बना रहना चाहिए। अपने धर्म के प्रति निष्ठा और दूसरे की आस्था के प्रति सम्मान, दोनों मिलकर सामाजिक सद्भाव को मजबूत करते हैं।

भारत की सांस्कृतिक एकता उसकी विविध अभिव्यक्तियों में दिखाई देती है। अलग-अलग क्षेत्रों के मंदिर, लोकदेवता, उत्सव, कथाएं और भाषाएं अपनी विशिष्टता रखते हुए भी अनेक साझा सूत्रों से जुड़े हैं। रामायण और महाभारत की कथाएं विभिन्न भाषाओं और कलाओं में नये रूप ग्रहण करती रही हैं। तीर्थयात्राओं ने दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को मिलने और एक-दूसरे को जानने के अवसर दिए हैं। इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान ने भारत की पहचान को समृद्ध और उसकी आत्मीय एकता को सुदृढ़ किया है। इस विरासत का सबसे महत्वपूर्ण दायित्व सामाजिक समरसता है। यदि हम प्रत्येक व्यक्ति में ईश्वरीय अंश देखते हैं, तो जन्म और जाति के आधार पर अपमान या भेदभाव का कोई औचित्य नहीं रह जाता। संतों और समाज-सुधारकों की अनेक धाराओं ने मानव गरिमा, भक्ति और समानता पर बल दिया है। शिक्षा, सम्मान, अवसर और सार्वजनिक जीवन में समान भागीदारी सुनिश्चित करना सांस्कृतिक एकता की ठोस कसौटी है। समरस समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार बनता है।

भारतीय सांस्कृतिक चेतना में प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भी विशेष स्थान है। नदियों, वृक्षों, पर्वतों और जीव-जंतुओं के प्रति श्रद्धा मनुष्य को अपने परिवेश से जोड़ती है। वर्तमान समय में इस भावना को पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में बदलना आवश्यक है। नदी को माता मानने का संकल्प उसकी स्वच्छता की जिम्मेदारी लेने में दिखाई देना चाहिए। वृक्षों के प्रति सम्मान पौधारोपण और उनकी देखभाल में प्रकट हो। जल बचाना, प्रदूषण घटाना और संसाधनों का संयमित उपयोग हमारी परंपरा को समकालीन अर्थ देते हैं। नारी के प्रति सम्मान भी हमारी सांस्कृतिक पहचान की महत्वपूर्ण कसौटी है। शक्ति, ज्ञान और समृद्धि के स्त्री स्वरूपों की आराधना करने वाला समाज महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वतंत्र निर्णय और नेतृत्व के अवसरों के प्रति सजग रहे। मातृशक्ति का सम्मान दैनिक व्यवहार और संस्थागत व्यवस्थाओं में दिखाई देना चाहिए। बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर देना, महिलाओं की उपलब्धियों को स्वीकार करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना सांस्कृतिक मूल्यों की सार्थक अभिव्यक्ति है। इससे परिवार, समाज और राष्ट्र तीनों मजबूत होते हैं। सेवा की भावना भारतीय जीवन-दृष्टि को धरातल देती है। भूखे को भोजन, रोगी को उपचार, विद्यार्थी को शिक्षा और संकटग्रस्त व्यक्ति को सहारा देना लोककल्याण के प्रत्यक्ष कार्य हैं। सेवा का मूल्य तब और बढ़ जाता है, जब सहायता पाने वाले की जाति, धर्म या भाषा के आधार पर भेद न किया जाए। राष्ट्र के प्रति प्रेम अपने आसपास के लोगों के प्रति जिम्मेदारी से शुरू होता है। स्वच्छता, ईमानदार श्रम, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा और जरूरतमंद की सहायता प्रत्येक नागरिक के लिए राष्ट्रसेवा के सुलभ मार्ग हैं। आधुनिक भारत में सांस्कृतिक स्वाभिमान को वैज्ञानिक दृष्टि, लोकतांत्रिक संवाद और संवैधानिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमारा संविधान सभी नागरिकों की समानता और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करता है। इन मूल्यों का सम्मान राष्ट्रीय एकता को विश्वसनीय आधार देता है। इसी प्रकार परंपरा के प्रति सम्मान हमें अध्ययन, अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रेरित करें। युवा अपनी भाषाओं, साहित्य और इतिहास को जानें तथा आधुनिक विज्ञान और तकनीक में उत्कृष्टता प्राप्त करें। अपनी जड़ों से जुड़ा समाज भविष्य के प्रति अधिक आत्मविश्वास से बढ़ सकता है। इस प्रकार भारत की पहचान हिंदुत्व को सांस्कृतिक उत्तरदायित्व के रूप में समझा जा सकता है। इसकी श्रेष्ठ अभिव्यक्ति सत्य, करुणा, सेवा, समरसता और कर्तव्यनिष्ठा में होगी। भारत की सभ्यतागत विरासत का गौरव तभी सार्थक होगा, जब उसका प्रकाश हर नागरिक के जीवन तक पहुंचे। ऐसा आत्मबोध हमें अपनी परंपराओं से शक्ति लेने, अपनी कमियों को सुधारने और सबके लिए सम्मानपूर्ण भविष्य बनाने की प्रेरणा देता है। यही भावना भारत की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत रख सकती है और राष्ट्र को एकजुट होकर आगे बढ़ने का आधार दे सकती है। स्वामी विवेकानंद के विचारों में हिंदू धर्म का गौरव, वेदांत की व्यापकता, आत्मविश्वास और मानवसेवा एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। 11 सितंबर 1893 के शिकागो भाषण में उन्होंने हिंदू धर्म के प्रति गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि इसकी परंपरा विश्व को सहिष्णुता और सभी धर्मों की स्वीकृति सिखाती है।

बी.ए.एम.एस. के नवागंतुक छात्रों की शिक्षा का शुभारम्भ



समारोह का शुभारंभ करते हुए कुलाधिपति श्री अमित गोयल।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं।

बिजनौर (चिंगारी)। विवेक विश्वविद्यालय, बिजनौर के अन्तर्गत विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एण्ड हॉस्पिटल, बिजनौर में बीएएमएस प्रथम प्रोफेशनल बैच 2026-27 के नव आगंतुक छात्र/छात्राओं के लिये 'आयुरप्रवेशिका' समारोह का आयोजन किया गया। एन.सी.आई.एस.एम./आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के दिशा निर्देशानुसार बी.ए.एम.एस. प्रथम प्रोफेशनल में प्रवेश लेने वाले नव आगंतुक छात्र/छात्राओं के लिये 15 दिवसीय आयुर प्रवेशिका महोत्सव का शुभारंभ कुलाधिपति श्री अमित गोयल, उपकुलाधिपति इं. दीपक मित्तल, कुलपति डॉ. एन.के. गुप्ता, श्री डी.के. अग्रवाल, डॉ. हितेश शर्मा, डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. रंगनाथन, श्री अनिल शर्मा व डीन आयुर्वेद डॉ. देवाशीष पाणिग्राही ने भगवान धन्वतंरी के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

प्रथम दिवस में नव आगंतुक छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय के नियमों तथा कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे कुलाधिपति श्री अमित गोयल ने बच्चों को आर्शि वचन एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य समय पर परीक्षा का आयोजन कराना तथा बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। प्रो. कुलाधिपति इं. दीपक मित्तल ने आयुर्वेद में भविष्य की उज्जवल संभावनाओं के बारे में



नृत्य प्रस्तुत करते हुए छात्रा

विस्तारपूर्वक व्याख्या की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में केवल मेडिकल की शिक्षा ही नहीं अपितु अन्य विधाओं की भी विस्तापूर्वक जानकारी दी जा रही है।

कुलपति ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज आयुर्वेद पद्धति को सारा विश्व अपना रहा है। भविष्य आयुर्वेद का है। इसलिये आज छात्र-छात्राओं को इसका गहन अध्ययन करने की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ. पाणिग्राही ने बताया कि इस कार्यक्रम के द्वारा नव आगंतुक छात्र/छात्राओं में एक उत्साह का सृजन हुआ एवं भविष्य में श्रेष्ठ चिकित्सक बनकर समाज को आयुर्वेद को एक नये आयाम तक पहुंचाने के लिये प्रेरणा मिलती है। क्लास इंचार्ज डॉ. संजीव कुमार ने बच्चों को आयुर्वेद को अपने जीवन में उतारने तथा एक अच्छा वैद्य बनने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र/छात्राओं सहित उनके अभिभावक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मंच का संचालन डॉ. निशा रैना एवं डॉ. निशा यादव ने किया। डॉ. शम्भू पी पटेल, डॉ. जशोबन्त द्वारा विश्वविद्यालय के कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय कराया गया।

सांसद ने किया स्वदेशी मेले का उद्घाटन



बिजनौर (चिंगारी)। तीन दिवसीय स्वदेशी मेले का भव्य उद्घाटन सांसद चंदन चौहान ने नुमाइश मैदान में शंख ध्वनि और दीप प्रज्वलन कर किया। सांसद ने मेले में महिलाओं के द्वारा बनाये गए उत्पाद की प्रशंसा भी की और खरीदारी भी की। गोबर से बनी मूर्तियों और दीपक की भारी मांग देखी गयी। मेले में आज रंगोली, कंदील, बंदनवार और फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों को मेला समिति ने पुरस्कार वितरित किये। मेले में अफजलगढ़ से आये लोक नतर्को ने सभी को भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत किया। मेला समिट की अध्यक्ष शिप्रा गर्ग, सचिव प्रीतिका राठी, कोषाध्यक्ष शुची गोयल ने अन्य सदस्यों के साथ सभी का स्वागत किया। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक प्रशान्त महर्षि, जिला संयोजक सतीश त्यागी, संपर्क प्रमुख कौशल किशोर शर्मा, नगर संयोजक दीपक अरोड़ा उपस्थित रहे। विनोद गोस्वामी ने पूजन कराया और भगवंत ग्रुप के चेयरमैन अनिल सिंह ने पुरस्कार वितरण किया।



अफसरों ने ट्रैक्टर पर बैठकर किया गंगा स्नान मेलास्थल का निरीक्षण



ट्रैक्टर पर बैठकर गंगा घाट पर लगने वाले मेले का निरीक्षण करते एसडीएम व सीओ

चांदपुर (चिंगारी)। कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले की तैयारियों को लेकर उपजिलाधिकारी चांदपुर प्रशांत वर्मा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने मेला समिति के प्रबंधक निरीश गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता, अध्यक्ष अजय कुमार कौशिक व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ नारनौर गंगा घाट एवं मेला स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान अधिकारियों एवं समिति के कार्यकर्ताओं को रास्ते में जलभराव होने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से गंगा घाट तक पहुंचना पड़ा। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि लगभग 80 प्रतिशत रास्ता कीचड़ एवं गीली मिट्टी से युक्त है, जिसे साफ करने में काफी समय, मेहनत और खर्च की आवश्यकता होगी।

अधिकारियों ने गंगा घाट का निरीक्षण करते हुए कहा कि इस बार घाट का स्वरूप काफी अच्छा है। साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण होने के बाद घाट श्रद्धालुओं के लिए सुंदर एवं आकर्षक बन जाएगा।

उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने रास्ते में भरे पानी को पंपिंग सेट के माध्यम से निकलवाने तथा पटेरा एवं जंगली घास की सफाई का कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए।

मेला समिति द्वारा भी मेले की तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्य कराने का प्रयास किया जा रहा है। कानूनगो सुरजन सिंह, लेखपाल शुभम तोमर, यशपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, वेदपाल सिंह, संदीप कौशिक, नरेंद्र सैनी, ओंकार सिंह, सोनू कुमार, अरुण कुमार शर्मा, अर्जुन सैनी, पवन कुमार, रविंद्र सिंह,अवील अहमद, साजिद प्रधान आदि मौजूद रहे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

अवैध खनन के 25 साल पुराने मामले में सात लोगों को 6 माह की सज़ा

बिजनौर (चिंगारी)। खो नदी में अवैध खनन कर रेत-बजरी चोरी करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के 25 साल पुराने मामले में अदालत ने सात दोषियों को छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीति चौधरी ने दोषियों पर कुल 42 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी विजय राम ने बताया कि 25 अगस्त 2001 को नगीना के नायब तहसीलदार रामचंद्र ने बढ़ापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया था कि कुछ लोग बढ़ापुर क्षेत्र में खो नदी से भैंसा-बुग्गी और ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए अवैध रूप से रेत और बजरी निकालकर ले जा रहे थे। तहसीलदार नगीना और परगना अधिकारी की मौजूदगी में आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया गया था। पुलिस ने उनके वाहन जब्त कर लिए थे। पुलिस ने मामले में दस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोप पत्र अदालत में



दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान दो आरोपियों रूपचंद और नीरज ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था, जबकि एक आरोपी की मुकदमे के दौरान मृत्यु हो गई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से तीन गवाह पेश किए गए, जिन्होंने घटना की पुष्टि की।

सुनवाई पूरी होने के बाद सीजेएम प्रीति चौधरी ने सात आरोपियों को खनन चोरी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का दोषी ठहराते हुए छह-छह माह के कारावास और 42 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

पीड़ितों से मिलीं शक्ति मित्तल भारद्वाज आरोपियों पर शीघ्र गिरेगी गाज

चांदपुर (चिंगारी)। भाजपा नेत्री शक्ति भारद्वाज मित्तल ने क्षेत्र के ग्राम तालिबपुर में जाकर पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। शक्ति भारद्वाज मित्तल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिलकर घटना में नामजद आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किये जाने की भी मांग की।



गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व ग्राम तालिबपुर में कुआं पूजन के लिए जा रही महिलाओं के साथ एक सम्प्रदाय के लोगों द्वारा गाली-गलौच व मारपीट की गई थी। इस घटना में कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। इस मामले में 21लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। भाजपा नेत्री शक्ति भारद्वाज मित्तल ने पीड़ित परिवारों के घर पहुंचकर उनसे बात कर उनको न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। शक्ति भारद्वाज मित्तल की पहल और पीड़ित परिवार को दिए गए आश्वासन के बाद दो और आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस की कार्रवाई से पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद जगी है।

सुंदर सिंह राणा ने किया पदाधिकारियों का सम्मान





स्योहारा (चिंगारी)। नूरपुर निवासी सुंदर सिंह राणा ने नूरपुर रोड स्थित एक विवाह मंडप में भाजपा पदाधिकारियों, अपने समर्थकों का एक सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दीप सौरभ सिंह (गुरुजी) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम सिंह अहलावत ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि देशबंधु राजपूत रहे।

श्री सुंदर सिंह राणा ने अपने संबोधन में कहा कि वह 1984 में स्वयंसेवक के रूप में द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी रहे। 1986 में युवा मोर्चा जिला गाजियाबाद के महामंत्री, 1996-97 भाजपा के जिला मंत्री,1998-89 में विभाग संयोजक युवा मोर्चा रहे। इसके अलावा वह दादरी से 2002 में भाजपा के टिकट पर और 2009-10 में जेवर से भाजपा के टिकट पर दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। उनका कहना है कि इस क्षेत्र में भाजपा में गुटबंदी के चलते एक ऐसे प्रत्याशी की आवश्यकता है, जो जनता के बीच पहुंचकर उनकी सेवा कर सके। उन्होंने कहा कि नूरपुर क्षेत्र में कोई विकास नहीं हुआ है। यहां फैक्ट्री की आवश्यकता है। महाविद्यालय नहीं है। गल्लाखेड़ी का गंजा पुल बनना है। इसके अलावा स्योहारा रेलवे फाटक के ऊपर भी पुल बनाया जाना, रोडवेज अड्डा आदि यहां क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं हैं। अगर जनता और पार्टी उन्हें मौका देती है तो वह इन समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का संचालन चंचल शर्मा ने किया।

झालू क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों पर लगातार चल रहा आरा

झालू (चिंगारी)। कस्बा झालू क्षेत्र में सरकारी और निजी हरे-भरे पेड़ों के अवैध कटान के मामले सामने आये हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कहीं सरकारी पेड़ों पर आरा चलाया जा रहा है तो कहीं निजी पेड़ों को काटा जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में सामने आई कई घटनाओं से पर्यावरण प्रेमियों में भी बेहद रोष है।

अब सोशल मीडिया पर एक और वीडियो वायरल हो रहा है,जो कि हल्दौर सेक्शन की झालू बीट के ग्राम गुजरपुरा स्थित जंगल का बताया जा रहा है। यह वीडियो गूगल मैप की लोकेशन से बना हुआ है। हालांकि इस वीडियो की सच्चाई की पुष्टि की जानी बाकी है। वीडियो में शीशम, नीम, अमरूद सहित अन्य प्रजातियों के पेड़ों के काटे जाने की बात कही जा रही है।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के झालू नगर अध्यक्ष डॉ. कामेंद्र सिंह के अनुसार, क्षेत्र में पेड़ों के कटान की कई घटनाएं हो चुकी हैं। नहर के पटरी मार्ग और झालू गोलबाग के पास हाल ही में पेड़ काटे गये थे।



उन्होंने बताया कि झालू से बरुकी जाने वाली नहर पर मजार के पास एक सरकारी यूकेलिप्टस के पेड़ पर आरा चला दिया गया था। भाकियू के हस्तक्षेप के बाद वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए कटे हुए पेड़ को जब्त कर लिया था तथा इसके कुछ समय बाद गोलबाग पर भी सरकारी यूकेलिप्टस का पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया था।

इसके अलावा उन्होंने अन्य मामलों का भी जिक्र किया। अब ग्राम गुजरपुरा के जंगल का वीडियो वायरल होने से मामला और गंभीर हो गया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि वन विभाग को दोषियों का जल्द पता लगाकर कार्यवाही करनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सके। डीएफओ बिजनौर जय सिंह कुशवाहा का कहना है कि इस मामले की जांच कर दोषियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

भाकियू ने की कार्रवाई की मांग

भाकियू के झालू नगर अध्यक्ष डॉ. कामेंद्र सिंह ने वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कराने तथा कटान में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।



गौरव अग्रवाल की हुई ऐतिहासिक जीत

अशोक त्यागी निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये

बिजनौर (चिंगारी)। डिस्ट्रिक्ट सिविल बार एसोसिएशन बिजनौर के चुनाव में अशोक कुमार त्यागी एडवोकेट निर्विरोध अध्यक्ष तथा गौरव अग्रवाल एडवोकेट अपने प्रतिद्वंदी छतरपाल सिंह एडवोकेट को 49 मतों से हराकर सचिव चुने गए। चुनाव अधिकारी रामऔतार सिंह एडवोकेट के अनुसार सोमवार को डिस्ट्रिक्ट सिविल बार एसोसिएशन बिजनौर के बार हाल में केवल सचिव पद पर मतदान हुआ। कुल 86 में से 83 मत डाले गए, जिसमें गौरव अग्रवाल एडवोकेट को 66 मत, जबकि उनके प्रतिद्वंदी छत्रपाल सिंह एडवोकेट को मात्र 17 मत प्राप्त हुए। गौरव अग्रवाल



एडवोकेट 49 मतों से जीतकर सचिव चुने गए। इससे पहले अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार त्यागी, उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार सिंह एडवोकेट तथा संयुक्त सचिव पद पर अरुण कुमार एडवोकेट निर्विरोध निर्वाचित हुए।

शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन



चांदपुर (चिंगारी)। गुलाब सिंह हिन्दू पीजी कॉलेज चांदपुर के शिक्षकों ने फुफुक्टा के आह्वान पर शिक्षकों की विभिन्न लंबित एवं ज्वलंत समस्याओं तथा मांगों के समर्थन में शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपने शिक्षण कार्यों का निर्वहन करते हुए सरकार एवं संबंधित उच्च शिक्षा अधिकारियों के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की।

इस अवसर पर महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश सिंह तथा महाविद्यालय शिक्षक संघ के सचिव एवं गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (गजूटा) के उपाध्यक्ष मौहम्मद सुलेमान ने कहा कि शिक्षकों की अनेक महत्वपूर्ण समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन बार-बार मांग उठाए जाने के बावजूद उनका समाधान नहीं किया जा रहा है। शिक्षकों के हितों की अनदेखी अब स्वीकार्य नहीं है। कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती, तब तक एनपीएस व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न विसंगतियों एवं समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए।

प्रोफेसर दिनेश सिंह ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन शिक्षकों के संवैधानिक, सामाजिक एवं सेवा संबंधी अधिकारों की रक्षा के लिए किया जा रहा है। यदि शिक्षकों की जायज मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो शिक्षक संघ फुफुक्टा के निर्देशानुसार आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए बाध्य होगा।

'एक दीप राष्ट्र के नाम' कार्यक्रम हुआ

बिजनौर (चिंगारी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विद्यार्थी विभाग बिजनौर नगर द्वारा नगर पालिका चौक पर 'एक दीप राष्ट्र के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर राष्ट्र के प्रति समर्पण, एकता एवं देशभक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगर कार्यवाह जयंत, सहनगर कार्यवाह राजकुमार, नगर विद्यार्थी प्रमुख राघव, सह नगर विद्यार्थी प्रमुख दीपांशु, जिला विद्यार्थी प्रमुख युवराज, नगर सहशारीरिक प्रमुख दीपक, नगर व्यवस्था प्रमुख विवेक, नगर सहप्रचार प्रमुख उत्तम, नगर सहव्यवस्था प्रमुख देवेंद्र, नगर सहसेवा प्रमुख संजय, जिला सहसेवा प्रमुख विकास, जिला सह व्यवस्था प्रमुख सचिन एवं विभाग सह सेवा प्रमुख गजेंद्र सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



शोपीस बनकर रह गये इलैक्ट्रिनिक चाक



धामपुर (चिंगारी)। केंद्र सरकार द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत धामपुर के मोहल्ला बाड़वान कुम्हारों वाली गली निवासी तीन कुम्हारों को मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए दिए गए इलेक्ट्रॉनिक चाक खराब निकलने के कारण शोपीस बनकर रह गए हैं। स्थानीय मोहल्ला बाड़वान कुम्हारों वाली गली निवासी रघुवीर सिंह के पुत्र राजीव कुमार और सत्येंद्र कुमार के अलावा राम सिंह के पुत्र हरपाल सिंह ने पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन किया था इसके बाद नगर पालिका परिषद द्वारा उनका सर्वे किया गया। सर्वे के आधार पर भेजी गई रिपोर्ट के बाद उनको तीन इलेक्ट्रॉनिक चाक डाकघर के माध्यम से प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए उनको 8 दिन तक नजीबाबाद में प्रशिक्षण दिया गया था।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद जब उन्होंने मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक चाक का इस्तेमाल किया तो चाक खराब निकले। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से कई बार की गई, परंतु उन्होंने चाक को अभी तक ठीक ही नहीं कराया। इसके स्पेयर पार्ट्स भी नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने उनको कहा था कि इस योजना के अंतर्गत तुमको डेढ़ लाख रुपए का लोन भी मिलेगा, परंतु अभी तक लोन भी मंजूर नहीं हुआ है, जबकि इसकी फाइल स्टेट बैंक में समिट कर दी गई है और सर्वे भी हो गया है। उन्होंने बताया कि मिट्टी के बर्तन पहले डंडा चलने वाले चाक से बनाए जाते थे। अब सरकार द्वारा प्रदान किए गए चाक से भी दीपक, चिराग, कुलिया, हडिया, कुल्हड़, गिलास आदि सामान बनाए जा रहे हैं।

डा. दिनेशचन्द्र ने मंदिर में किये मां काली के दर्शन



धामपुर (चिंगारी)। जनपद जौनपुर के पूर्व जिलाधिकारी एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. दिनेशचंद्र सिंह ने अपने गृह जनपद बिजनौर के धामपुर नगर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल कालियावाला परिसर पहुंचकर भगवान शिव और मां काली के सिद्धपीठ में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मां भगवती और भगवान शिव के चरणों में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने कहा कि कालियावाला परिसर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आस्था और परंपराओं का महत्वपूर्ण प्रतीक है। यहां आकर उन्हें अपने जीवन के पुराने दिनों और बचपन की स्मृतियों को फिर से जीवंत करने का अवसर मिला। बचपन में वह यहां आया करते थे और मां का आशीर्वाद प्राप्त करते थे। वर्षों बाद पुन: उसी परिसर में पहुंचकर दर्शन करने से पुरानी यादें ताजा हो गईं और अतीत की अनेक स्मृतियां उनके मन में सजीव हो उठीं। डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह सभी के अपने बेटे और भाई के रूप में स्नेह एवं आशीर्वाद चाहते हैं। उन्होंने बुजुर्गों को सादर प्रणाम किया तथा माताओं-बहनों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में बनी रहनी चाहिए।

सेंट मैरी स्कूल में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

हल्दौर (चिंगारी)। सेंट मैरी स्कूल, हल्दौर में वाद-विवाद (डिबेट) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैचारिक स्पष्टता, आत्मविश्वास और प्रभावी संप्रेषण की कला को प्रोत्साहित करना था। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 9 से 12 कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता के विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने-अपने तर्क जोरदार ढंग से रखे। बच्चों की वाक्पटुता, आत्मविश्वास और तार्किक क्षमता ने उपस्थित शिक्षकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले वक्ताओं और विजेता टीमों के नामों की घोषणा की। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया और उन्हें प्रशस्ति-पत्र व ट्रॉफियां प्रदान की गईं। इसके अलावा, सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए सांत्वना पुरस्कार और प्रमाण-पत्र दिए गए, ताकि उनका मनोबल बढ़ सके। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्या ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक है।

जागरूकता रैली निकालकर किया यातायात माह का शुभारम्भ

एडीएम प्रशासन और एसपी सिटी ने रैली को दिखायी हरी झंडी

बिजनौर (चिंगारी)। जिले में सोमवार को यातायात माह नवंबर-2026 का शुभारंभ किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित और एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित व एएसपी डा. केजी सिंह ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय चालक के साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट लगाना चाहिए। शराब पीकर वाहन चलाना दुर्घटनाओं को न्योता देना है। वहीं एसपी सिटी ने चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी है। सड़क सुरक्षा के नियमों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

इसके बाद एडीएम प्रशासन व एएसपी सिटी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में करीब 350 स्कूली छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। हाथों में यातायात नियमों से संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियां, बैनर और होर्डिंग लेकर विद्यार्थियों ने शहर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया। कार्यक्रम में सीओ नजीबाबाद एवं यातायात सुनील कुमार सिंह, सीओ अफजलगढ़ आकांक्षा गौतम, प्रभारी निरीक्षक यातायात रवि नैन ट्रांसपोर्टर और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न



किरतपुर/बिजनौर (चिंगारी)। विकास क्षेत्र किरतपुर की शाहपुर सुक्खा न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय मेमन सादात में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश ने शिक्षक साथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश चौहान ने किया।

प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस दौरान 50, 100, 200, 400 एवं 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, कबड्डी और खो-खो सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। खेल एवं व्यायाम शिक्षक नितिन कुमार और अनुदेशक रागिब के निर्देशन में प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गईं।

आयोजन को सफल बनाने में अरुण कुमार, काजिम हुसैन, अखिलेश चौहान, ब्रजपाल सिंह, मुख्तार अहमद अंसारी, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद रिजवान, व्यायाम शिक्षक नितिन कुमार, अनुदेशक रागिब सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा सहायक कर्मचारी अशोक कुमार, मतीन आदि उपस्थित रहे।

श्रद्धापूर्वक मनाई गई कुंवर सत्यवीरा की पुण्यतिथि



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वाति वीरा महाजन।

बिजनौर (चिंगारी)। बिजनौर की पावन धरती पर जन्मे महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राज्यमंत्री श्रद्धेय स्व. कुंवर सत्यवीर की 23वीं पुण्यतिथि कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के विशाल परिसर में सोमवार को बड़े ही श्रद्धाभाव से मनाई गई।

इस अवसर पर सर्वप्रथम कॉलेज परिसर में स्थित स्व. कुंवर सत्यवीर की प्रतिमा पर वीरा सोसाइटी के प्रबंध समिति सदस्य/रेडियो सन्देश श्रीमती सचिव स्वाति वीरा महाजन, निदेशक प्रो.(डा.) अमित कुमार बंसल एवं अन्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया, इसके उपरांत हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। साथ ही साथ प्रबंध समिति सदस्य नन्द किशोर, कैप्टन बिशन लाल एवं कॉलेज के प्राचार्य डा. एमएस कौरव, प्रो. मंजु अरोरा, गय्यूर आसिफ, संगीता गुप्ता, गिरिराज सिंह, राजीव थॉमस, संजु शर्मा, ज्योति बाला, वाजिद हुसैन आदि ने यज्ञ में आहुति देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। यज्ञ आचार्य विनोद गोस्वामी ने पूर्ण विधि विधान से सम्पन्न कराया।

इस अवसर पर पवन कुमार (प्रबंध निदेशक कृष्णा कॉलेज बिजनौर), प्रो. अजय राणा, बिट्टू भाई उर्फ अता कौसर, सौपाल सिंह, प्रमोद प्रधान आदि अनेक लोग उपस्थित रहे। उनके सुपुत्र कुंवर उदयन वीरा व कुं. रुचिवीरा निरन्तर प्रयत्नशील हैं। इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता,डॉ. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार, सावन शर्मा एवम सरिता बंसल, सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि रहे।

..जब दीपावली आते ही गली-मोहल्लों में गूंज उठती थी कबाड़ी की आवाज़

–अश्मनी विश्नोई

स्योहारा (चिंगारी)। आज की दीपावली भले ही ऑनलाइन शॉपिंग और महंगे गिफ्ट्स तक सिमट गई हो, लेकिन एक दशक पहले तक दीपावली का असली मजा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए कुछ और ही था। दीपावली से 10–15 दिन पहले ही जब गली में कबाड़ी की आवाज गूंजती थी, कबाड़ वाला कबाड़ लाओ तो पूरे मोहल्ले के बच्चे अपने-अपने घरों से निकलकर दरवाजे पर आ जाते थे।

बुजुर्ग बताते हैं कि उस दौर में दीपावली सिर्फ एक त्यौहार नहीं, बल्कि बच्चों के लिए आत्मनिर्भरता का पहला पाठ भी था। घर की सफाई के दौरान निकला हर सामान उनके लिए खजाना होता था। टूटा हुआ स्टील का डिब्बा, पुरानी प्लास्टिक की बोतल, फटी हुई कॉपी–किताब, रद्दी अख़बार, लोहे का कोई टुकड़ा– सब कुछ सहेज कर रखा जाता था।



बच्चे दिन गिनते थे कि कब कबाड़ी आएगा। जैसे ही कबाड़ी ठेला लेकर गली में आता, बच्चे दौड़ पड़ते। कबाड़ी से मोल–भाव करते और दो–चार रू. ज्यादा लेने की जिद करते थे। ये बच्चों का शुरूआती व्यापार था, और फिर उस कबाड़ से मिले 20, 30 या 50 रुपयों से बाजार की ओर दौड़ते और बाजार में जाकर सबसे पहले आतिशबाजी, मिट्टी के दीये, घर में बनी रंगोली खरीदते थे, इसी में पूरी दीपावली समा जाती थी।

उस समय आतिशबाजी की आवाज से ज्यादा कीमती वह खुशी थी जो खुद के कमाए पैसों से खरीदी गई थी। शाम होते ही आंगन में दीये जलते, बच्चे नई–नई फुलझड़ियां जलाते और पूरा गांव रोशनी से जगमगा उठता था, लेकिन आज तस्वीर बिल्कुल बदल चुकी है। अब दीपावली पर घरों की सफाई के लिए मजदूर बुलाए जाते हैं। बच्चे कबाड़ इकट्ठा करने की जगह मोबाइल पर गेम खेलते हैं। प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक कचरा बढ़ गया है, लेकिन कबाड़ी की वह पुकार अब गली–मोहल्लों में बहुत कम सुनाई देती है।

नई पीढ़ी के लिए दीपावली अब रेडीमेड हो गई है– पैसा दो और बाजार से सब कुछ ले आओ। लेकिन 90 के दशक में पले–बढ़े लोगों के लिए आज भी कबाड़ी की वह आवाज दीपावली की सबसे मीठी याद है, वह आवाज जो बताती थी कि त्यौहार अब बस आने ही वाला है।

दिल्ली-एनसीआर में दीपावली पर ग्रीन पटाखे जलाने की सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

–उमाकांत लखेड़ा

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली–एनसीआर में दीपावली के अवसर पर ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दे दी। अदालत ने 7 और 8 नवंबर को यानी दिवाली से एक दिन पहले और दिवाली के दिन, निर्धारित समय के दौरान पटाखे जलाने की इजाजत दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने दोनों दिनों में सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दी।



इस मामले पर पिछले सप्ताह सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया था। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया था कि पटाखों के इस्तेमाल को नियंत्रित करने के लिए बार–बार जारी किए जा रहे निर्देशों का तब तक कोई औचित्य नहीं है, जब तक प्रशासन जमीन पर उनका सख्ती से पालन सुनिश्चित नहीं करता। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा था, यह मामला हर जीवित प्राणी से जुड़ा है। अदालत ने यह भी टिप्पणी की थी कि यदि आदेशों और निर्देशों को जमीन पर लागू नहीं किया जाता, तो उन्हें जारी करने का कोई मतलब नहीं रह जाता। ऐसा न होने पर न्यायिक आदेशों का मजाक बनकर रह जाएगा। पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि अधिकारियों को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए और प्रतिबंधों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित करना चाहिए। अदालत ने कहा था, हम जनता की भावनाओं को भी समझते हैं। हम पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन हमें कोई बेहद सख्त रुख अपनाने के लिए मजबूर न करें।

टाइल्स कारोबारी से की ऑनलाइन ठगी 1.36 लाख रुपये की चपत लगी

शेरकोट (चिंगारी)। अज्ञात व्यक्ति ने खुद को एक कंपनी का मालिक बताकर टाइल्स कारोबारी से 1.36 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर दी। पीड़ित कारोबारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर के मुहल्ला निकामाशाह निवासी शादाब अहमद पुत्र रईस अहमद ने बताया कि वह नगर में टाइल्स की दुकान करते हैं। शादाब का आरोप है कि विगत 5 अगस्त की दोपहर उनके पास फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को लक्सकॉन सिरेमिक कंपनी का मालिक बताया और अपनी बातों से झांसे में लेकर साइबर ठगी कर उनके खाते से 1 लाख 36 हजार रुपये की रकम निकाल ली। आरोप है कि उस व्यक्ति ने उन्हें न माल भेजा और न ही रकम वापस दी। जब उन्होंने जानकारी की दो पता लगा कि आरोपी व्यक्ति न किसी कम्पनी का मालिक है न ही ये काम करता है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर साइबर ठगी करने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने और रकम वापस दिलाने की गुहार की। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

उद्घाटन से अगले दिन 32 पर्यटकों ने की अमानगढ़ में जंगल सफारी

पर्यटकों को टाइगर और हाथियों के दीदार हुए



सफारी मार्ग पर टहलते हाथी।



अमानगढ़ में घूमता टाइगर।

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में चार माह बाद रविवार को पुन: प्रारंभ हुई जंगल सफारी के अगले दिन 32 पर्यटकों ने जंगल सफारी की। वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि सोमवार को सुबह और शाम की दोनों शिफ्टों में पर्यटक वन क्षेत्र में सैर सपाटे को आए। उन्होंने बताया कि सुबह की शिफ्ट में पर्यटकों द्वारा ऑफलाइन दो जिप्सियां बुक की गईं, जिनमें 7 सैलानियों ने जंगल सफारी की जबकि शाम की शिफ्ट में 6 जिप्सियां बुक हुईं, जिनमें 25 पर्यटकों ने जंगल सफारी का आनंद लिया। वापस लौटे पर्यटकों ने रेंजर अंकिता किशोर से सफारी के सुखद एहसास को साझा करते हुए बताया कि उन्हें कई वन्यजीवों के दीदार हुए, जिनमें हाथी व टाइगर देखकर मन प्रफुल्लित हो उठा। रेंजर के मुताबिक पर्यटकों ने सफारी के लिए अपने परिजनों व मित्रों संग यहां बार–बार आते रहने की मंशा भी जाहिर की है।



जंगल सफारी को जाते पर्यटक।

साधु के भेष में दो ठगों ने कपड़ा व्यापारी से उड़ाए डेढ़ लाख रुपये

व्यापारी को सम्मोहित कर जेब और गल्ले से निकाली नकदी, पुलिस ने दो व्यक्तियों को किया गिरफ़्तार

नगीना (चिंगारी)। साधु के वेश में घूम रहे दो ठगों ने सोमवार को मोहल्ला मानक चंद में कपड़ा कारोबारी को सम्मोहित कर उसकी जेब और गल्ले से करीब डेढ़ लाख रुपये ठग लिए। ठगी का एहसास होने पर व्यापारी के होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। व्यापारी के साथ तलाश में जुटी पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

नगीना में सोमवार सुबह साधु के वेश में दो व्यक्ति मोहल्ला मानक चंद स्थित लिबास सूट कॉर्नर पर पहुंचे। उस समय दुकान पर बैठे व्यापारी राजेश टंडन से दोनों व्यक्तियों ने बातचीत शुरू कर दी। आरोप है कि बातचीत के दौरान उन्होंने व्यापारी को कोई वस्तु देते हुए उसे माथे पर लगाने के लिए कहा। व्यापारी का कहना है कि जैसे ही उसने वह वस्तु माथे पर लगाई, उसे कुछ समझ नहीं आया और वह अपनी जेब में रखे रुपये निकालकर उस व्यक्ति को देने लगा। इसके बाद वह कुछ समय के लिए बदहवास अवस्था में चला गया।



व्यापारी के मुताबिक, कुछ देर बाद जब एक ग्राहक दुकान पर पहुंचा तो उसे होश आया, लेकिन तब तक दोनों व्यक्ति वहां से गायब हो चुके थे। इसके बाद वह काफी देर तक आसपास उसकी तलाश करता रहा। रेलवे स्टेशन तक भी पहुंचा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इसी दौरान उसे दुकान के गल्ले में रखे रुपयों की भी याद आई। उसने अपनी पत्नी को फोन कर गल्ले में रखी नकदी के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि वहां रखे करीब डेढ़ लाख रुपये भी गायब हैं। इस तरह जेब और गल्ले में रखी करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी ठगी का शिकार हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने व्यापारी के साथ मिलकर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

पहले भी कई दुकानदारों को ठगने का प्रयास किया था

नगर के कई दुकानदारों ने बताया कि कपड़ा व्यापारी के साथ डेढ़ लाख रुपये की ठगी करने वाले दोनों व्यक्ति इससे पहले नगीना के तीन-चार दुकानदारों की दुकानों पर पहुंचकर इसी तरह ठगी करने का प्रयास कर चुका था। गनीमत रही कि वे उसकी बातों में नहीं आए और ठगी का शिकार होने से बच गए।

डेढ़ माह पहले सर्राफा व्यापारी से ठग लिए थे जेवर

करीब डेढ़ माह पूर्व सुनहरी मस्जिद के सामने सर्राफा व्यापारी मनोज कुमार के साथ भी करीब छह लाख रुपये के आभूषणों की ठगी का मामला सामने आया था। उस घटना में दो व्यक्ति छह लाख रुपये के जेवर लेकर फरार हो गए थे। बताया जाता है कि उस मामले में पुलिस अब तक आरोपियों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो सकी है। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से व्यापारियों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ रही है। व्यापारियों का कहना है कि बाजारों में संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने और पुरानी घटनाओं का खुलासा करने के लिए पुलिस को ठोस कदम उठाने चाहिए।

सीओ का कहना है..

व्यापारी के साथ डेढ़ लाख रुपये की नहीं केवल 11000 की ठगी हुई है। व्यापारी की जेब में जो 11000 थे, वही गए थे गल्ले से कोई रुपये नहीं गए थे। आरोपियों को पकड़ लिया गया है।

– आलोक सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना।

दो पुलिसकर्मियों की तत्परता से पकड़े गए दोनों ठग

पकड़े गए दोनों ठग सुबह सवेरे दो पुलिसकर्मियों को एक दुकान पर मिले थे। दोनों पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए साधु के वेश में घूमते दिखे दोनों ठगों का आधार कार्ड का फोटो अपने मोबाइल में कैद कर लिया था। इसके एक-दो घंटे बाद ही जब साधु के वेश में दो व्यक्तियों द्वारा कपड़ा व्यापार के साथ ठगी की बात पुलिस के सामने आई तो उक्त दोनों सिपाही इन्हें ढूंढने निकल पड़े। यह जानकारी मिलते ही की दोनों प्राइवेट बस द्वारा नजीबाबाद के लिए निकले हैं, पुलिसकर्मियों ने तेजी से कार द्वारा नजीबाबाद पहुंचकर दोनों को वहां पकड़ लिया।

नौसेना के लिए 53,866 करोड़ रुपये में बनेंगे 8 नये युद्धपोत

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के आठ कार्वेट बनाने के लिए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जी एसएल) के साथ 53,866.50 करोड़ रुपये के अनुबंध किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसे स्वदेशी जहाज निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बहुत अच्छी खबर बताते हुए कहा है कि यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम है।



अनुबंध के तहत जी आरएसई पांच युद्धपोतों का निर्माण करेगा, जबकि जी एस एल को तीन युद्धपोत बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। इस परियोजना की खास बात यह है कि पहली बार भारतीय नौसेना खुद इन युद्धपोतों का डिजाइन तैयार करेगी और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिए चुने गए रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इनका निर्माण करेंगे। इन नए युद्धपोतों में आधुनिक मिसाइलों, हथियारों और सेंसर प्रणालियों सहित अत्याधुनिक क्षमताएं होंगी। इनकी मदद से नौसेना हवा, समुद्र की सतह और समुद्र के नीचे के क्षेत्रों में अभियान चला सकेगी। इन युद्धपोतों के शामिल होने से समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों के खिलाफ कार्रवाई, तटीय सुरक्षा, तटीय समुद्री अभियानों और समुद्री निगरानी की क्षमता मजबूत होगी। अनुबंध पर हस्ताक्षर के बाद श्री सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा भारत के स्वदेशी जहाज निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बहुत अच्छी खबर। भारतीय नौसेना की अगली पीढ़ी की कार्वेट परियोजना भारत के जहाज निर्माण क्षेत्र को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन प्रदान करेगी।

इस तरह तो समय पर पूर्ण नहीं हो पायेंगे कुंभ कार्य

हरिद्वार (चिंगारी)। मैंने सन् 1974 के पूर्ण कुम्भ का समापन देखा था। इस प्रकार यह कुम्भ मेरे जीवन का दसवां कुम्भ है। निर्माण कार्यों की धीमी गति आश्चर्य तथा चिन्ता का विषय बनी हुई है। या तो ये निर्धारित समय पर पूरे नहीं होंगे, यदि हुए तो कार्य की गुणवत्ता से बड़ा समझौता होगा। पूरे शहर में सीवर लाइन और पानी की लाइन का कार्य चल रहा है। हरिद्वार की जनता को पता ही नहीं है कि यह कार्य केन्द्र सरकार, मेला प्रशासन, विकास प्राधिकरण या नगर निगम के अधीन हो रहा है, क्योंकि कोई संस्था या व्यक्ति मॉनिटरिंग करते हुए दिखाई नहीं दे रहा है।



मेला अधिकारी की नियुक्ति मई-2025 को हुई थी। मेला अधिकारी के सहयोग के लिए एक अपर मेला अधिकारी तथा एक उप मेला अधिकारी भी नियुक्त किए गए थे। अब एक और अपर मेला अधिकारी की नियुक्ति सीधा संकेत दे रही है कि मेला प्रशासन मेला कार्य को सम्पादित करने में सक्षम नहीं है। एक बात अचम्भित करने योग्य है कि जिस अधिकारी को श्रावण मेले के आयोजन का भी अनुभव नहीं है, उसे मेला अधिकारी बनाया जाना कितना उचित है? जिला प्रशासन में अनुभवी (मेले के सन्दर्भ में), कर्मठ एवं लोकप्रिय अधिकारी को मेला प्रशासन में सम्मिलित न करना, इस बात का प्रमाण है, कि चयन प्रक्रिया राजनीति से पूरी तरह प्रभावित होती है।

उत्तराखण्ड शासन एवं प्रशासन प्रयागराज की तरह मेले का आयोजन करने का दावा कर रहे हैं। उसे मूर्त देना अधिकारियों की कार्यकुशलता, व्यवहार कुशलता पर निर्भर करता है। मेला प्रशासन को साधु समाज, व्यापारी वर्ग, साहित्यकार, समाज सेवक, मीडिया एवं आम जनता के मध्य सामंजस्य स्थापित करना होगा। विशेष रूप से मेला अधिकारी को व्यवहारकुशलता का परिचय देना होगा, जिसका अभाव स्पष्ट नज़र आ रहा है।

मेला प्रशासन को इन बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देना होगा

मेले के अवसर पर स्थायी निर्माण कार्य अधिक (90 प्रतिशत) होने चाहिएं। कुम्भ के प्रतीक-चिह्न (Logo) में उत्तराखण्ड, हरिद्वार तथा कुम्भ की झलक स्पष्ट दिखाई देनी चाहिए। स्मारिका सम्पादन का कार्य किसी वयोवृद्ध के स्थान पर किसी युवा या प्रौढ़ साहित्यकार को देना चाहिए। भीड़ प्रबन्धन का हर किसी पुलिस कर्मचारी व अधिकारी को प्रक्षिक्षण देना चाहिए। बिजली-पानी की व्यवस्था को सुचारू रूप प्रदान करना चाहिए। यातायात तथा पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना चाहिए। मेले में यात्रियों की श्रद्धा को अक्षुण्ण रखना चाहिए।



-डॉ. अशोक गिरि
(स्वतन्त्र पत्रकार)

चिंगारी
(सांध्य दैनिक), बिजनौर
3 नवम्बर 2026



स्पोर्ट्स



भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने कड़ी चुनौतियां

ऑकलैंड (एजेंसी/चिंगारी)। बुधवार को ईडन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले पहले वनडे मैच में, भारत के अनुभवहीन तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने केवल नई गेंद से गेंदबाजी करने के अलावा भी कई अन्य चुनौतियां होंगी। जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा के उपलब्ध न होने के कारण, शुरुआती विकेट दिलाने और साथ ही बीच के ओवरों और डेथ ओवरों में रनों की गति पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी अब बाकी तेज गेंदबाजों पर होगी। न्यूजीलैंड में किसी भी विदेशी गेंदबाजी आक्रमण के लिए, शुरुआती कुछ ओवर एक बड़ी परीक्षा की तरह हो सकते हैं। वहां की परिस्थितियां गेंद को मूवमेंट दे सकती हैं, हवा स्विंग में मदद कर सकती है, और मेजबान टीम के बल्लेबाज अपने मैदानों के आकार का बखूबी फायदा उठाना जानते हैं। भारत के लिए चुनौती यह होगी कि वे शुरुआती मदद का पूरा फायदा उठाएं, ताकि न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को क्रीज पर जमने का मौका न मिले।

मोहम्मद सिराज का अनुभव यहां बहुत काम आएगा, जबकि अर्शदीप सिंह से उम्मीद होगी कि वे अपने बाएं हाथ के एंगल और नई गेंद को स्विंग कराने की अपनी क्षमता का सही इस्तेमाल करें। हालांकि, बड़ा सवाल यह है कि जब शुरुआती मूवमेंट खत्म हो जाएगा, तब क्या बाकी गेंदबाज दबाव बनाए रख पाएंगे?



बुमराह की गैरमौजूदगी इसलिए भी अहम है क्योंकि वे न केवल विकेट चटकाते हैं, बल्कि गेंदबाजी पर बेहतरीन नियंत्रण भी रखते हैं। अहम मौकों पर किफायती गेंदबाजी करने वाला गेंदबाज कप्तान को काफी लचीलापन देता है। उनके बिना, पारी के तीनों चरणों में भारत के गेंदबाजी संसाधनों की कड़ी परीक्षा होगी।

प्रसिद्ध कृष्णा के उपलब्ध न होने से भारत के पास तेज गेंदबाजी के विकल्प और भी कम हो गए हैं, जिससे मौजूद गेंदबाजों का प्रदर्शन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। बीच के ओवरों में न्यूजीलैंड को हावी होने से रोकने में कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की भूमिका भी अहम होगी।

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की टीम भी पूरी तरह से सेट बल्लेबाजी क्रम के साथ मैदान पर नहीं उतर रही है। मेजबान टीम कई खिलाड़ियों की चोटों से जूझ रही है; रचिन रवींद्र और मार्क चैपमैन वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। वहीं, ओपनर डेवोन कॉनवे भी बुधवार के मैच से बाहर हो गए हैं, क्योंकि ट्रेनिंग के दौरान तेज गेंदबाज मैट हेनरी से टकराने के बाद उन्हें कनकशन (सिर में चोट) हो गया है। कॉनवे का न होना मेजबान टीम के लिए काफी मुश्किल पैदा करने वाला है, क्योंकि नई गेंद का सामना करने और पारी को संवारने की उनकी क्षमता टॉप ऑर्डर को मजबूती देती है। रवींद्र के न होने से टीम एक ऐसे बहुमुखी बाएं हाथ के बल्लेबाज से वंचित हो गई है जो गेंदबाजी में भी योगदान दे सकता है, जबकि चैपमैन के चोटिल होने से मिडिल ऑर्डर में एक और आक्रामक विकल्प कम हो गया है।

हेनरी निकोल्स और टिम सीफर्ट को टीम में शामिल किया गया है, लेकिन स्थापित खिलाड़ियों की जगह लेना सिर्फ किसी दूसरे खिलाड़ी को उसी बैटिंग पोजीशन पर उतारने भर की बात नहीं होती। इसलिए, कप्तान मिशेल सेंटनर अब टॉम लैथम, डेरिल मिशेल और ग्लेन फिलिप्स जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की ओर देखेंगे, ताकि वे बड़ी जिम्मेदारी उठा सकें। खासकर फिलिप्स ने दिखाया है कि वे कुछ ही ओवरों में पूरी पारी का रुख बदल सकते हैं। दूसरी ओर, रोहित शर्मा और विराट कोहली की वनडे फॉर्मेट में वापसी से भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा, और शुभमन गिल टीम की कमान संभालेंगे। इन दो सीनियर बल्लेबाजों की मौजूदगी टीम को अनुभव और संयम देती है, खासकर ऐसी परिस्थितियों में जहां शुरुआती ओवरों में तुरंत आक्रामक होने के बजाय धैर्य रखने की जरूरत होती है। रोहित मूव होती गेंद के खिलाफ अपने अनुभव का इस्तेमाल करना चाहेंगे, जबकि कोहली की स्ट्राइक रोटेट करने और खराब गेंदों पर रन बटोरने की क्षमता पारी को आगे बढ़ाने में अहम साबित हो सकती है। गिल पर टीम की कप्तानी करने और सही समय पर गेंदबाजी में बदलाव करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी।

कोरिया ओपन में एचएस प्रणय और तन्वी शर्मा करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई



सियोल (एजेंसी/चिंगारी)। कई दिग्गज खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में अनुभवी एचएस प्रणय और उभरती हुई खिलाड़ी तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले कोरिया ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। यह बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट दक्षिण कोरिया के जिन्नम स्टेडियम में खेला जाएगा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पूर्व विश्व नंबर 6 खिलाड़ी एचएस प्रणय, भारत के पुरुष एकल अभियान का नेतृत्व करेंगे। इससे पहले, पिछले हफ्ते हाइलो ओपन जीतने वाले लक्ष्य सेन ने इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। हालांकि, विश्व नंबर 38 प्रणय इस सीजन में अपनी फॉर्म को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। इस साल खेले गए 14 बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंटों में से वे केवल एक बार ही दूसरे दौर से आगे बढ़ पाए हैं। उनका अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन सितंबर में वियतनाम ओपन (बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 टूर्नामेंट) में रहा, जहां वे सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।

इरफान, बाउचर और वकार एपीएल में मेंटॉर की भूमिका में आयेंगे नजर

दुबई (एजेंसी/चिंगारी)। इरफान पठान, वकार युनिस, तिलकरत्ने दिलशान, अजहर महमूद और मार्क बाउचर जैसे पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को आगामी अफगानिस्तान प्रीमियर लीग (एपीएल) के लिए सपोर्ट स्टाफ सदस्यों के तौर पर शामिल किया गया हैं। ये भी एपीएल की फ्रैंचाइजी के लिए मेंटॉर की भूमिका में नजर आयेंगे। सोमवार को पांच टीमों वाली इस लीग में कप्तानों, मुख्य कोचों और मेंटॉर्स की घोषणा की गई। दुबई में आज, 3 नवंबर को ड्राफ्ट भी आयोजित किया जाएगा। वनिंदु हसरंगा, रीज़ा हेंड्रिक्स, रोमारियो शेफ़र्ड, रोवमन पॉवेल, इमरान ताहिर, अक़ील हुसैन, मुश्फ़िक़ुर रहीम, मेहदी हसन मिराज़, कुशल परेरा, इमाम-उल-हक़, सईम अयूब, फ़ख़र ज़मान, चरित असलंका, लिटन दास, शाकिब अल हसन और साहिबज़ादा फ़रहान जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस ड्राफ्ट का हिस्सा होंगे।

रणजी ट्रॉफी- हर्ष दुबे ने 9 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया

नागपुर (एजेंसी/चिंगारी)। रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए में सोमवार को हर्ष दुबे ने नौ विकेट लेकर मध्य प्रदेश की पूरी टीम को लगभग अकेले ही 209 रनों पर समेट दिया। यहां नचिकेत भूते द्वारा ओपनर यश दुबे को आउट करने के बाद, बाकी के सभी नौ विकेट हर्ष ने लिए। सारांश जैन और अथर्व महाजन के बीच 72 रनों की साझेदारी को छोड़कर, मध्य प्रदेश की पूरी बल्लेबाजी लाइन-अप हर्ष के सामने ढह गई। हर्ष ने 53 रन देकर 9 विकेट लिए। स्टंप्स के समय विदर्भ ने चार विकेट पर 54 रन बना लिये है। और ध्रुव शौरी (नाबाद 21) और अक्षय वाडकर (नाबाद सात) क्रीज पर मौजूद थे।



गुवाहाटी में रितेश भटकल और शिखर शेट्टी (पांच-पांच विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद रोहन पाटिल (89) और मयंक अग्रवाल (नाबाद 57) रन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में असम को 135 रनों के स्कोर पर ढेर करने के बाद स्टंप्स के समय तक दो विकेट पर 180 रन बनाकर 45 रनों की बढ़त बना ली है।

असम को ढेर करने करने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी कर्नाटक के लिए रोहन पाटिल और मयंक अग्रवाल की सलामी जोड़ी ने 129 रन जोड़े। 25वें ओवर में अमलनज्योति दास ने रोहन पाटिल (89) को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। 29वें ओवर में कृष्णन श्रीजीत (19) रन बनाकर आउट हुये। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय कर्नाटक ने दो विकेट पर 180 रन बना लिये थे। मयंक अग्रवाल (नाबाद 51) और केवी अनीश (नाबाद सात) क्रीज पर मौजूद थे। इससे पहले आज यहां असम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी असम को नौवें ओवर में भटकल ने प्रद्युन सैकिया 13 रन को आउट कर पहला झटका दिया। अगले ही ओवर में शिखर शेट्टी ने सुमीत घाडीगांवकर एक रन का शिकार कर लिया। शिबशंकर रॉय ने असम के लिए सर्वाधिक (37) और कप्तान देनिश दास ने (26), प्रद्युन सैकिया (13), स्वरूपम पुरकायस्था (13) और अमलनज्योति दास (12) रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज कर्नाटक के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके और अपने विकेट गंवाते रहे। 49वें ओवर की पहली गेंद पर शिखर शेट्टी ने ऋदीप डेका एक रन को बोल्ड कर असम की पारी का 135 रन के स्कोर पर अंत कर दिया।

आयरलैंड की रेबेका स्टोकेल ने आईसीसी एंटी-डोपिंग कोड के उल्लंघन को स्वीकार किया

दुबई (एजेंसी/चिंगारी)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकट परिषद (आईसीसी) सोमवार को बताया है कि आयरलैंड की बल्लेबाज रेबेका स्टोकेल को एंटी-डोपिंग नियमों के कथित उल्लंघन के बारे में सूचित किया गया है। 23 जून 2026 को एक प्रतियोगिता के दौरान लिए गए उनके सैंपल में एक निर्दिष्ट पदार्थ पाया गया था। इस सूचना के मिलने के बाद, स्टोकेल ने नियम उल्लंघन को स्वीकार कर लिया है (जो कि उनके द्वारा डॉक्टर की सलाह पर ली गई दवा के इस्तेमाल से हुआ था)। साथ ही, उन्होंने अनुशासनात्मक प्रक्रिया का नतीजा आने तक, 23 अक्टूबर 2026 से स्वेच्छा से खुद को सस्पेंड (निलंबित) करने का फैसला किया है। जब तक यह मामला पूरी तरह सुलझ नहीं जाता, तब तक आईसीसी इस पर कोई और टिप्पणी नहीं करेगा।

पंत को फिटनेस टेस्ट पास करने का एक और मौका दिया गया



मुम्बई (एजेंसी/चिंगारी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाने के बाद ऋषभ पंत को अपनी फिटनेस साबित करने का एक और मौका दिया गया है। इसके बाद ही वह न्यूजीलैंड दौरे के लिए रवाना हो सकेंगे। पहला टेस्ट 19 नवंबर को वेलिंग्टन में शुरू होगा। अक्तूबर की शुरुआत में ईरानी कप के दौरान पंत की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। वह 23 अक्तूबर से सीओई में हैं और समझा जा रहा है कि उन्होंने बल्लेबाज़ी और विकेटकीपिंग का अभ्यास शुरू कर दिया है। बीसीसीआई का चिकित्सा दल अगले दो दिनों में उनका एक और फिटनेस टेस्ट करा सकता है, ताकि न्यूजीलैंड जाने से पहले उनकी फिटनेस का आकलन किया जा सके। फिटनेस टेस्ट पास करने पर पंत न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीसरे चार दिवसीय मैच के लिए भारत ए की टीम से जुड़ेंगे।



राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

बुधवार, 04 नवम्बर 2026

मेष- साहसिक प्रयास, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, परोपकार की भावना जागृत, उत्साह में वृद्धि, जिम्मेदारियों हेतु व्यय, जीवन में सुख शांति, हर्ष भी।

वृषभ- निराशा की स्थिति, परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ प्रभावी, यात्रा से हानि।

मिथुन- आकस्मिक लाभ का सिलसिला, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, जीवन साथी का सानिध्य, समस्याओं का समाधान।

कर्क- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, पारिवारिक परेशानियों में कमी, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, प्रेम सम्बन्धों में अनुकूलता, आपसी सौहार्द, उन्नति का सिलसिला।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, संत समागम, मेल मिलाप में रुचि, आपसी वैमनस्यता में कमी, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

कन्या- लाभ में कमी का एहसास, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, स्वजनों से मतभेद, यात्रा में परेशानी, अकेलेपन की अनुभूति।

तुला- निराशा का समापन, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, विपरीत परिस्थितियों पर विजय, व्यापार में धन निवेश, कार्यक्षमता में वृद्धि।

वृश्चिक-कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, स्वास्थ्य सुधार पर, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

धनु- योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, परिवार में सुख-शांति का वातावरण, प्रतियोगिता में सफलता।

मकर- कार्यों में असफलता, व्यापारिक हानि, शारीरिक सुख में बाधा, वैचारिक स्थिरता का अभाव, स्वजनों से तनाव, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

कुम्भ- स्वास्थ्य सुधार पर, मनोनुकूल कार्य में अनुकूलता, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, चित्त प्रफुल्लित।

मीन- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, कार्यों के प्रति प्रगति की दिशा में प्रयास सार्थक, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, राजनीतिक क्रियाकलापों से प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

ब्राह्मण महिलाएं असुरक्षित, उनसे दुष्कर्म होता है!

नेहा बोरा के बयान पर बवाल

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। लेफ्ट छात्र नेता नेहा बोरा को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा ने कांग्रेस और लोकसभा सांसद राहुल गांधी पर हिंदुओं से नफ़रत के आरोप लगाए हैं। भाजपा की तरफ से शेयर वीडियो में नेहा बोरा को कथित तौर पर कहते हुए सुना जा सकता है कि मंदिर में पुजारी रेप करते हैं। इससे पहले AISA ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन प्रमुख बांग्लादेश के हालात से भारत की तुलना को लेकर विवादों में आ गईं थीं।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने लिखा, राहुल गांधी की पोस्टर गर्ल नेहा बोरा हिंदुओं के लिए अपनी नफ़रत दिखा रहीं हैं। वह कहती हैं कि मंदिर में पुजारी रेप करते हैं। वह उन राहुल गांधी से प्रेरित हैं, जो पहले कहते थे कि मंदिरों में लड़कियों के साथ छेड़छाड़ होती है। कांग्रेस हिंदुओं से नफ़रत करती है और वोट बैंक से प्यार करती है। कांग्रेस की सोच भारत की एकता के लिए खतरा है।

प्रदीप भंडारी की तरफ से शेयर कथित वीडियो में सुना जा सकता है, बिल्कुल सुरक्षा की जरूरत है और ब्राह्मणवादी व्यवस्था से ही सुरक्षा की जरूरत है। वो व्यवस्था जो कहती है कि गरीब, शुद्र, पशु और नारी ताड़ना के अधिकारी हैं। यह वही व्यवस्था है, जिसके चलते ब्राह्मण महिलाएं असुरक्षित हैं। उनका रेप होता है। मंदिरों में पुजारी रेप करते हैं। ऐसी घटनाएं उन्नाव में, कठुआ में हम लोगों को देखने को मिलती हैं।



अक्टूबर के मध्य में ही नेहा बोरा का एक और वीडियो सामने आया था, जिसमें वह बांग्लादेश के आंदोलन की शुभकामनाएं दे रहीं थीं। साथ ही भारत में जारी प्रदर्शनों से उसकी तुलना की थी। तब भाजपा नेता भंडारी ने कहा था, नेहा बोरा ने एक साक्षात्कार में कहा कि वह बांग्लादेश आंदोलन से प्रेरित हैं और जो बांग्लादेश में हुआ वह भारत में भी होना चाहिए। ये शब्द नेहा बोरा के हैं लेकिन इसके पीछे सोच राहुल गांधी की है। उन्होंने कहा था, यह राजनीतिक प्रतिरोध नहीं है, यह एक अराजक मार्च और एक अराजक विद्रोह है। उनका मकसद तख्तापलट करना है। उन्होंने आरोप लगाया, घटनाओं का एक ऐसा सिलसिला है जो दिखाता है कि राहुल गांधी का मकसद लोकतांत्रिक प्रतिरोध नहीं, बल्कि अराजकता को अपनाना और उसे मान्यता देना है। यह भारत के राज्य और भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ लड़ाई है। जिस जेन जी आंदोलन को हम देश में हर जगह देख रहे हैं, उसकी शुरुआत बांग्लादेश में हुई थी। हमें रास्ता दिखाने और इस देश के युवाओं के साथ एकता दिखाने के लिए आपको बधाई हो। हम जानते हैं कि बांग्लादेश में शुरू हुआ आंदोलन लोकतंत्र और वोटरों के अधिकारों के लिए था। आज जिस आंदोलन में युवा शामिल हो रहे हैं, वो भी लोकतंत्र और मतदाता अधिकार के लिए है। हम जानते हैं कि आपने जो जंग लड़ी, वो जंग आपके देश में धार्मिक कट्टरता के खिलाफ थी। इस देश के युवाओं की भी यही जंग है।

बूथ और यूथ के साथ सजेगी बीजेपी की 'चौपाल'



विनोद तावड़े ने तैयार किया यूपी जीतने का प्लान

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश की सियासत में बीजेपी के लिए 2027 का विधानसभा चुनाव कई मायनों में अहम माना जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव से हुए नुकसान की भरपाई और खिसके जनाधार को वापस लाने के लिए यूपी के बीजेपी प्रभारी विनोद तावड़े ने कमबैक का प्लान तैयार किया है। बीजेपी का तीन स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलेगा, जिसमें सूबे के कमजोर बूथों से लेकर सामाजिक समीकरणों तक पर फोकस रहेगा। यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने अपनी चुनावी तैयारियों को तेज करने की रणनीति बनाई है। नवंबर और दिसंबर में पार्टी प्रदेश में बड़े पैमाने पर चुनावी अभियान चलाने की तैयारी कर रही है। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अलग-अलग स्तरों पर चुनावी कार्यक्रमों के जरिए उत्तर प्रदेश के सभी क्षेत्रों तक पहुंच बनाने की कोशिश करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने उत्तर प्रदेश में चुनावी अभियान का पूरा खाका तैयार किया है। बीजेपी की कोशिश है कि चुनावी रणनीति केवल बड़ी रैलियों तक सीमित न रहे, बल्कि बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता और मतदाताओं से सीधा संवाद सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्षेत्रीय स्तर पर बड़ी रैलियों के जरिए चुनावी माहौल तैयार करेंगे, जबकि अमित शाह जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने और माइक्रो मैनेजमेंट की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन विधानसभा स्तर पर सघन जनसंपर्क और लगातार चुनावी कार्यक्रमों के जरिए पार्टी के अभियान को आगे बढ़ाएंगे। बीजेपी की योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उत्तर प्रदेश के सभी कमिश्नरेट में बड़ी रैलियां आयोजित करने की रणनीति बनाई गई है।

उत्तर प्रदेश की नौकरियों में अग्निवीरों को 20% कोटा!

बिना परीक्षा होगी सीधी भर्ती- योगी



गोंडा/ लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश की राजनीति और रोजगार के मोर्चे से एक बहुत बड़ी ख़बर सामने आ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा के गौरा विधानसभा क्षेत्र के तेजपुर गांव में 520 करोड़ रुपये की लागत वाली 69 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए राज्य के युवाओं और गरीब परिवारों के लिए दो बड़े और ऐतिहासिक ऐलान किए हैं। चुनावी अंदाज में गर्जते हुए सीएम योगी ने न सिर्फ युवाओं और महिलाओं को साधने की कोशिश की, बल्कि विपक्ष (खासकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस) पर तीखे जुबानी हमले भी किए। रोजगार और देश सेवा से लौटे युवाओं के हित में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अपनी चार साल की सेवा पूरी करके वापस आने वाले अग्निवीरों को यूपी सरकार के विभिन्न विभागों में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। सबसे बड़ी बात यह है कि इन अग्निवीरों को बिना किसी लिखित परीक्षा के सीधी भर्ती के तहत नौकरियां दी जाएंगी। त्यौहारों के इस मौसम में गरीबों और जरूरतमंदों को राहत देते हुए सीएम योगी ने ऐलान किया कि हर गरीब परिवार को रसोई गैस का कनेक्शन दिया जाएगा। इसके साथ ही, इस बार दीपावली के त्यौहार से ठीक पहले एक भरा हुआ एलपीजी सिलेंडर पूरी तरह से मुफ्त दिया जाएगा। कानून-व्यवस्था पर अपने कड़े रुख को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने माफियाओं और दंगाइयों को सीधी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अब यूपी दंगा और कर्फ्यू से पूरी तरह मुक्त है। अगर किसी ने बहन-बेटियों या व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया, तो उसका अंजाम तय है या तो जेल या फिर जहन्नुम! उन्होंने याद दिलाया कि माफियाओं को राज्य में मिट्टी में मिलाया जा चुका है और दंगा करने वालों की पीढ़ियां अब इस सबक को याद रखेंगी। समाजवादी पार्टी के शासनकाल को श्राप करार देते हुए सीएम योगी ने कहा कि एक समय था जब तत्कालीन सपा सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलाकर उन्हें लहूलुहान किया था, जबकि हमारी सरकार ने रामभक्तों पर पुष्प वर्षा करके भव्य राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त किया।

टीके में 11 हजार देने पर हुआ हंगामा

लड़के के भाई व जीजा को पकड़कर बैठाया

किरतपुर (चिंगारी)। गोदभराई की रस्म में वधू पक्ष द्वारा टीके पर 11000 रुपये देने पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के चलते लड़का अपने परिवार सहित चुपचाप मंडप से चला गया, तब लड़की वालों ने लड़के के भाई व जीजा को पकड़कर बैठा लिया। हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। देर रात गणमान्य लोगों बीच-बचाव कर वर पक्ष ने खर्चे के पैसे देकर विवाद निपटाया।

चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार कल एक बैंकट हॉल में मोहल्ला अंबेडकर नगर की एक युवती की गोद भराई का कार्यक्रम चल रहा था। वर पक्ष ग्राम आदोपुर से आये थे। रस्म के दौरान लड़की पक्ष ने 11000 रुपये दिए, जिस पर लड़के पक्ष ने मना कर दिया और स्पलेंडर बाइक के स्थान पर बुलेट बाइक मांगने लगे, जिस पर हंगामा हो गया। इसी बीच धीरे से लड़का व उसके रिश्तेदार निकल गए। लड़की पक्ष ने वर पक्ष के भाई व जीजा को रोक लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले गई। देर रात लड़के पक्ष ने खाने व अन्य खर्च के लगभग दो लाख रुपए दिए, तब जाकर मामला निपटा। उसके बाद लड़की पक्ष ने शादी करने से इंकार कर दिया।

दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किये



किरतपुर (चिंगारी)। जनपद के किरतपुर विकासखंड में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आज आर्टिफिशियल लिंब मैन्युफैक्चरिंग कंपनी कानपुर के सहयोग से उत्तर प्रदेश शासन की समग्र शिक्षा परियोजना के अंतर्गत क्षेत्र के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण जिनमें मुख्यत: व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, कैलीपर, बैसाखी, कान के सुनने की मशीन, सेंसरी स्टिक, एल्बो स्टिक, कैलिपर, सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्त बच्चों के लिए चेयर का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह उपकरण इन दिव्यांगजन की रोजमर्रा की जरूरत को पूरा करने में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में 175 दिव्यांग बच्चों को लाभान्वित किया गया। एलीमको कंपनी से टीम विशेषज्ञ ऑडियोलॉजिस्ट श्रीकांत सिंह, पी.एन. डॉ. महेंद्र सिंह यादव, राजीव कुमार शर्मा, पीएन डॉ. सहायक ने उपकरणों के प्रयोग के बारे में अभिभावकों को विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेत्री रजनी कालरा, ब्लाक प्रमुख किरतपुर अंकित चौधरी की अर्धांगिनी श्रीमती रिचा चौधरी रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी किरतपुर सूर्यकांत गिरि, जिला समन्वयक्त लियाकत अली ने की। मंच संचालन विशेष शिक्षक अयूब अली द्वारा किया गया।

पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ़्तार



उपनिरीक्षक रोहित कुमार के नेतृत्व में बनी टीम ने सोमवार को घटना के विपुल उर्फ रोहित पुत्र रघुनन्दन निवासी मौहल्ला लदपुरा निकट रेलमण्डी, थाना जसवन्तनगर, जनपद इटावा को गिरफ्तार कर लिया।

नूरपुर (चिंगारी)। गत 19 जून को एक व्यक्ति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि भूरा ठेकेदार के पास काम करने वाला युवक विपुल उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुट गई थी। पुलिस ने 1 सितम्बर को किशोरी को बरामद कर लिया था। जब से आरोपी युवक फ़रार चल रहा था।

नाम परिवर्तन सूचना

मेरे समस्त शैक्षिक प्रमाण-पत्रों में मेरा नाम काले स्नेहा सेम्युल अंकित है। जिसे बदलकर मैंने शादी के बाद सारा एहतेशाम अंसारी रख लिया है। अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

- सारा एहतेशाम अंसारी पत्नी एहतेशाम अहमद, मौहल्ला शहीदनगर नूरपुर, बिजनौर

खेल रहे थे जुआ, सात लोगों का चालान हुआ



किरतपुर (चिंगारी)। पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3170 रुपये की नकदी, ताश के पत्ते और एक टॉर्च बरामद की है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जावेद निवासी मोहल्ला अफगानान, सफाकत निवासी मोहल्ला लोहारान, मोहम्मद शहजाद निवासी खोखरा तालाब, गुलाम साबिर निवासी कमकरान, अफाक निवासी बुद्धपाड़ा, साजिद निवासी मलकान और मोन्टी निवासी मोहल्ला नवादा, किरतपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सड़क पार कर रहे युवक की वाहन की चपेट में आकर मौत

नूरपुर (चिंगारी)। सोमवार की देर शाम मुरादाबाद हाईवे पर गांव सैदपुर स्थित भट्टे के पास सड़क पार कर रहे मुकेश कुमार यादव (45) पुत्र रमेश कुमार यादव को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वाहन उन्हें काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे में मुकेश की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मुकेश अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। पिता की असमय मौत से बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष त्रिवेन्द्र राठी ने बताया कि घटना के सम्बंध में तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

रामलीला मंचन का कफील मलिक ने किया शुभारंभ



कमेटी पदाधिकारियों ने किया जोरदार स्वागत

कोतवाली देहात (चिंगारी)। आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन का शुभारंभ प्रधान पद के भावी उम्मीदवार कफील मलिक ने अपनी टीम के साथ फीता काटकर किया। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कफील मलिक ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, सत्य और आदर्शों की मिसाल है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अच्छे संस्कार अपनाने चाहिए और समाज में प्रेम, भाईचारे तथा सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए। श्रीराम के बताए मार्ग पर चलकर ही एक बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम में शाहिद अंसारी, शमीम अल्वी, वाजिद इदरीसी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

अब फ्लैक्सी बोर्ड पर सार्वजनिक होंगे बिजली के बकायादारों के नाम

एसडीओ संतोष कुमार ने तैयार की बकाया वसूली की नई रणनीति



एसडीओ संतोष कुमार

कोतवाली देहात (चिंगारी)। विद्युत विभाग में बकाया वसूली को लेकर एसडीओ संतोष कुमार ने सख्त रुख अपनाया हुआ है। बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के साथ ही बकायादारों से राजस्व वसूली के लिए भी विभाग ने नई रणनीति तैयार की है। एसडीओ की इस पहल से बिजली का बकाया जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं में हलचल मची हुई है।

आपको बता दें कि कोतवाली देहात क्षेत्र में कई बार चेतावनी देने के बावजूद कुछ उपभोक्ता बिजली का बकाया जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इसी को देखते हुए एसडीओ संतोष कुमार ने बकायादारों के नाम सार्वजनिक करने की योजना बनाई है। इसके तहत विद्युत कार्यालय पर लगाए जाने वाले फ्लैक्सी बोर्ड पर बकायादारों का नाम, पिता का नाम और पूरा पता बड़े अक्षरों में अंकित करने की तैयारी है। एसडीओ संतोष कुमार के नेतृत्व में बनाई गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य बकाया वसूली में तेजी लाना और उपभोक्ताओं को समय पर बिल जमा करने के लिए जागरूक करना है। विभाग की इस कार्रवाई से अब बकाया जमा नहीं करने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी है। साथ ही बिजली चोरी रोकने के लिए भी विभाग लगातार सख्ती बरत रहा है। एसडीओ संतोष कुमार ने संवाददाता को बताया कि विभागीय बकाया जमा कराने के लिए विशेष योजना तैयार की जा रही है। बार-बार कहने के बाद भी कुछ बकायादार भुगतान नहीं कर रहे हैं। ऐसे में उनके नाम सार्वजनिक करने की व्यवस्था की जाएगी। इस अभियान का मकसद विभाग का राजस्व बढ़ाना और बकाया वसूली सुनिश्चित करना है। वहीं विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण को लेकर भी एसडीओ संतोष कुमार क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बकाया को जमा करने के पीछे का असली मकसद यह है कि बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाएगा और कहीं न कहीं आएदिन बड़ी विद्युत लाइनों में खराबी के कारण विद्युत व्यवस्था खराब होती है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है इस सबसे निजात दिलाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

कार व ट्रैक्टर-ट्रिपलर की टक्कर में ट्रिपलर सवार तीन मजदूर घायल

कार सवार सुरक्षित

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। आएदिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं में छोटे-बड़े वाहनों के बीच सामने आने वाली भिड़ंत में अक्सर छोटे वाहन में सवार यात्रियों को चोट लगते देखा गया है, लेकिन आज प्रात: रेहड़ क्षेत्र में कुदरत का अजीब करिश्मा सामने आया। जब कार व ट्रैक्टर-ट्रिपलर की भीषण टक्कर में कार सवार यात्री सुरक्षित बच गए और ट्रिपलर पर बैठे तीन मजदूर घायल हो गए। कासमपुर गढ़ी निवासी बिलाल खां, मकसूद उर्फ झबरा व सुलेमान मंसूरी मजदूरी कार्य हेतु ट्रैक्टर-ट्रिपलर में सवार होकर बादीगढ़ की ओर जा रहे थे। राजनगर के सामने फोरलेन हाईवे पर पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक अर्टिगा कार ने ट्रिपलर में इतनी भीषण टक्कर मारी की देखते ही देखते ट्रिपलर ट्रैक्टर से अलग होकर पलट गया, जिस पर सवार तीनों मजदूर घायल हो गए। तुरंत ही उन्हें सीएचसी अफजलगढ़ ले जाया गया, जहां से बिलाल व मकसूद को हायर सेंटर रैफर किया गया है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। बादीगढ़ पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रामचंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं आई है।



घायल बिलाल का उपचार करता स्वास्थ्यकर्मी।


प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया



नूरपूर (चिंगारी)। ओम कृष्णा सामाजिक सहयोग फाउंडेशन धामपुर द्वारा आयोजित त्रिवेणी ज्ञान प्रतियोगिता में चिल्ड्रन्स एकेडमी नूरपुर के छात्र रियांश सिसौदिया ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आयोजक समिति द्वारा इन्हें शील्ड एवं 1500 रुपए नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया तथा अन्य छात्र-छात्राओं मेधांशु आनंद कक्षा 6 बी, मानवी राणा व परीक्षा कक्षा 8 बी, अन्यया चौधरी कक्षा 8 को भी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय आने पर चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता, डायरेक्टर गौरव गोयल, मैनेजर डॉ. प्राज्ञ गोयल एवं प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा द्वारा भी इन छात्रों को सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

विवेक विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों का 6.50 के पैकेज पर चयन

बिजनौर (चिंगारी)। विवेक विश्वविद्यालय सदैव अपने छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा, प्रशिक्षण एवं उद्योग आधारित अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के बी.बी.ए. एंव बी.कॉम छात्र-छात्राएं आयुषी अग्रवाल, काव्या रहुवंशी, प्रिया चंद्रा व तनीषा देवाश ने अपनी मेहनत, लगन और कौशल के बल पर प्रतिष्ठित कंपनी Corizo Edutech Pvt. Ltd. में Business Development Associate के पद पर चयनित होकर विश्वविद्यालय, शिक्षकों एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। यह उपलब्ध विवेक विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षण गुणवत्ता, प्रभावी प्रशिक्षण व्यवस्था और उद्योग से मजबूत संबंधों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस उपलब्धि पर कुलाधिपति श्री अमित गोयल ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय का उद्देश्य सदैव विद्यार्थियों को ऐसे कौशल से सशक्त बनाना है, जिससे वे वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी। प्रो. कुलाधिपति श्री दीपक मित्तल ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय के छात्र देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं और यह विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिणाम है। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग के प्रयासों की भी सराहना की। सी.ओ. श्री अनिल शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक विकास पर बल देता है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संचार कौशल और नेतृत्व गुणों के विकास के लिए भी निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि आदित्य चौधरी की यह सफलता विवेक विश्वविद्यालय के समग्र शिक्षण दृष्टकोण का परिणाम है। कुलसचिव श्री हितेश शर्मा जी ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग और अवसर प्रदान करता है ताकि वे अपने करियर में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकें। उन्होंने आदित्य को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विवेक विश्वविद्यालय के सभी छात्रों को प्रेरित करेगी। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग की टीम के नेतृत्वकर्ता श्री नितिश वर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि विवेक विश्वविद्यालय की प्रशिक्षण नीति और छात्रों के कठिन परिश्रम का परिणाम है।



10 लीटर अवैध शराब सहित अनिल गिरफ्तार

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। थाना रेहड़ क्षेत्र की कल्लूवाला पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने अम्बुल व सचिन नामक सहयोगी सिपाहियों संग गश्त के दौरान गत दिवस घासीवाला-माधोवाला रोड पर 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ अनिल कुमार पुत्र नन्हे सिंह निवासी माधोवाला को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि अभियुक्त अनिल के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।



शादी का झांसा देकर किया बलात्कार दिल्ली पुलिस करके ले गयी गिरफ़्तार

स्योहारा (चिंगारी)। ग्राम पंचायत अधिकारी को शादी का झांसा देकर बलात्कार करने के आरोप मे दिल्ली पुलिस गिरफ़्तार कर ले गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरिफ पुत्र तस्लीम निवासी बुढ़नपुर पर दिल्ली के थाना नबी करीम निवासी एक युवती ने शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। आरोपी आरिफ ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर शाहजहां जनपद मे अपनी सेवा दे रहा है। छुट्टी पर आया आरिफ जब वापस ड्यूटी पर लौट रहा था तभी दिल्ली की सर्विलांस टीम व थाना पुलिस ने रास्ते से ही आरोपी को गिरफ्तार किया और थाना स्योहारा पहुंची। थाने पर सूचना देने के बाद टीम आरोपी को अपने साथ ले गयी। टीम ने कोई जानकारी नहीं दी। थाना प्रभारी नबी करीम दिल्ली से जब जानकारी की गयी तो उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज है, आरोपी को गिरफ़्तार किया गया है।

सायरन बजाने पर भी नहीं हिले गुलदार

नांगल सोती (चिंगारी)। गन्ने के खेत में किनारे पर दो गुलदारों को बैठा देखकर गन्ना छीलने गये पिता-पुत्र भयभीत हो गये। गनीमत रही कि उन्होंने गुलदारों को दूर से ही देख लिया था। वन दरोगा ने उक्त खेत में पिंजरा लगाने की बात कही है। क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी के निवासी किसान आकिल की कृषि भूमि मौजा हरेवली में स्थित है। आकिल और उनका पुत्र रागिब वहां अपने खेत पर गन्ना काटने - छीलने गये थे। जब पिता-पुत्र अपने खेत से कुछ दूरी पर थे, तो उन्होंने देखा कि उनके गन्ने के खेत में किनारे पर दो गुलदार बैठे हुए हैं। उन्होंने आसपास काम कर रहे हाफिज जम्मू, दिलशाद आदि को भी वहां पर बुला गया। सबके मिलकर शोर मचाने पर भी गुलदार वहां से नहीं हटे। सूचना पर डायल-112 की पीआरवी भी वहां पहुंची। पीआरवी से सायरन बजाने पर भी गुलदार वहां से नहीं हिले। पुलिसकर्मियों ने काफी दूर से एक वीडियो भी बनाया है, पुलिसकर्मियों ने वीडियो व्हाट्सएप कर इसकी सूचना सामाजिक वानिकी के वन दरोगा को दी। वन दरोगा विकास कुमार साथ खेत पर पहुंचे। हालांकि तब तक गुलदार वहां से जा चुके थे। वन दरोगा ने बताया कि किसानों को गुलदार के हमले से बचाव के लिये महत्वपूर्ण टिप्स दिये गये हैं। उक्त स्थान से लगभग 100 मीटर की दूरी पर पिंजरा पहले से लगा हुआ है। उसे शिफ्ट कर घटनास्थल पर लगाया जायेगा।

किसानों के साथ घटनास्थल का मुआयना करते वन दरोगा



सोने-चांदी की कीमतों में कमी आ रही लगातार इसके बावजूद मंद हो रहा सर्राफा कारोबार



धामपुर (चिंगारी)। त्यौहार के सीजन में सोने-चांदी का मूल्य कम होने के बावजूद करवा चौथ और अहोई पर्व के दौरान सोने-चांदी के सामानों की बिक्री अपेक्षा के अनुरूप न होने के कारण सर्राफा कारोबारी में निराशा का माहौल है। धामपुर तहसील क्षेत्र गन्ना बाहुल्य क्षेत्र माना जाता है यहां के किसानों की आमदनी का मुख्य स्रोत गन्ने की फसल ही है। परंतु शुगर मिलों का पेराई सत्र अभी तक शुरू नहीं हो पाने का प्रभाव बाजार की बिक्री को भी प्रभावित कर रहा है। लगभग एक माह के भीतर सोने चांदी के मूल्य में अचानक गिरावट आई है पहले सोने का मूल्य लगभग डेढ़ लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी परंतु अब यह घटकर 1,39,000 रुपए हो गई है, जबकि चांदी की कीमत पहले 2,30,000 रुपए प्रति किलोग्राम थी जो अब घटकर 1,80,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है ।

इस संबंध में धामपुर के सर्राफा कारोबारी पुनीत गर्ग ने बताया कि त्योहार के सीजन को ध्यान में रखते हुए सर्राफा कारोबारियों ने अपने प्रतिष्ठानों में सोने चांदी के सामानों की आमद (आपूर्ति) कर ली थी परंतु अचानक एक माह के भीतर सोने चांदी के रेट कम हो गए। उन्होंने बताया कि व्यापारियों को उम्मीद थी कि त्यौहार के सीजन में रेट कम होने के कारण बिक्री बढ़ेगी परंतु इस बार कारोबार अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। उनका मानना है कि किसानों की गन्ने और मुंजी की फसल अभी नहीं बिकी है ग्रामीणों के पास धनाभाव है इसलिए इसका प्रभाव बाजार पर भी पड़ा है। अब तो सर्राफा कारोबारियों में 12 नवंबर से शुरू होने वाले शादी विवाह के सालक के दौरान बिक्री बढ़ाने की संभावना बनी हुई है।

धामपुर युवा सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश रस्तोगी ने बताया कि धामपुर के सर्राफा कारोबारी जनपद बिजनौर में सर्वाधिक शुद्धता का माल बेचते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा प्रमाणित बीआईएस मार्क वाला माल सभी लाइसेंसधारी सर्राफा कारोबारी सेल करते हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्रों से सोने चांदी के सामानों की बिक्री शुरू हो जाती है जो करवा चौथ अहोई और धनतेरस पर अधिक होती है। उनका मानना है कि इस बार सर्राफा कारोबारियों का व्यापार सामान्य रहा है। बाजार में तेजी और मंदी का प्रभाव तो पड़ता ही है।

महाविद्यालय के शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया बांहों में काली पट्टी बांध कर



शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

धामपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय-महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुपुक्टा) द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान हेतु घोषित प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के समर्थन में सोमवार को आर.एस.एम. महाविद्यालय, धामपुर में महाविद्यालय शिक्षक संघ के तत्वावधान में शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह एवं महामंत्री डॉ. मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर फुपुक्टा के जोनल सेक्रेटरी प्रो. श्योराज सिंह, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (GJUTA), मुरादाबाद के महामंत्री डॉ. जितेंद्र चौधरी तथा फुपुक्टा प्रतिनिधि डॉ. हिमांशु त्रिपाठी सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

5 नवम्बर को सीएम को प्रेषित करेंगे ज्ञापन

फुपुक्टा द्वारा शासन के समक्ष प्रस्तुत मांग-पत्र में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन योजना (OPS) की बहाली, शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने तथा राज्य कर्मचारियों की भांति चिकित्सकीय अवकाश की सुविधा प्रदान करने की मांग की गई है। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों को पूर्व में अनुमन्य फिक्स्ड कैडर का लाभ पुनः प्रदान करने, स्थानांतरण प्रक्रिया का सरलीकरण करने, NOC की बाध्यता समाप्त करने तथा स्थानांतरण में रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का समायोजन करने की मांग भी शामिल है।

शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपनी एकजुटता एवं विरोध दर्ज कराया तथा फुपुक्टा द्वारा घोषित आंदोलन के आगामी चरणों में भी सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। आंदोलन के अगले चरण में 05 नवंबर 2026 को जनपद स्तर पर शिक्षक एकत्रित होकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करेंगे। इसके उपरांत फुपुक्टा द्वारा निर्धारित तिथि पर लखनऊ में सामूहिक धरने में सहभागिता की जाएगी।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

सोलर चरखा प्रशिक्षण का समापन



प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र लेते हुए महिलाएं।

धामपुर (चिंगारी)। खादी एवं ग्रामोद्योग विकास तथा सतत स्वरोजगार प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत गांधी जयंती 2 अक्टूबर से प्रारंभ की गई सोलर चरखा प्रशिक्षण योजना का 2 नवंबर को समापन हो गया। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग विकास मंडल बुढनपुर व भावना खादी आश्रम जैतरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समापन समारोह में नीरज प्रताप सिंह, पुरुषोत्तम सिंह (सचिव), जितेंद्र सिंह (सचिव), जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एसएल अग्रवाल, बोर्ड प्रतिनिधि इनामुल हक और जयवीर सिंह उपस्थित रहे। समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

सूर्यवंशी सैनी संगठन ने किया 'कन्यादान समिति' का गठन

धामपुर (चिंगारी)। न्यू स्टेट बैंक कॉलोनी स्थित शिवम सैनी के आवास पर राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक में महापुरुषों के आशीर्वाद से कन्यादान समिति का गठन किया गया। समिति का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करना और समाज में सेवा, सहयोग एवं समर्पण की भावना को मजबूत करना है। समिति के संस्थापक सूर्यवंशी शिवम सैनी ने कहा कि सभी एक दूसरे का मान-सम्मान और सहयोग करें। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों के आपसी सहयोग से समिति जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए कार्य करेगी। बैठक में समिति के अध्यक्ष कार्तिक सैनी ने समाज के लोगों से एकजुट होकर इस नेक कार्य में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समिति का मूल उद्देश्य सेवा, सहयोग और समर्पण के भाव से समाजहित में कार्य करना है। इस अवसर पर अरुण सैनी, डीके सैनी, संजीव सैनी, धर्मपाल सैनी, आचार्य रामानंद, शिवम सैनी, सोनू सैनी, आरती, उदय सैनी, प्रियांशु सैनी, नितिन सैनी, अभय सैनी, निखिल सैनी, मुकेश सैनी, विवेक सैनी और गौरव सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जरूरतमंद बेटियों के विवाह में किया जायेगा सहयोग

जे.के. एकेडमी में हुआ सरस दीपावली मेले का आयोजन

कला, शिल्प, चित्रकला प्रदर्शनी रहीं मेले का मुख्य आकर्षण

धामपुर (चिंगारी)। जेके मॉडर्न एकेडमी, धामपुर में आजीविका सरस दीपावली मेला-2026 का भव्य आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजीव सिसौदिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और दीपावली की रंग-बिरंगी सजावट से सराबोर नजर आया। मेले में विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के स्टॉल, मनोरंजक खेलों के स्टॉल, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी तथा चित्रकला प्रदर्शनी आदि आकर्षण का केंद्र रहे। खाद्य स्टॉलों पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लोगों ने आनंद लिया, वहीं गेमिंग स्टॉल पर बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कला एवं शिल्प प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई सुंदर एवं आकर्षक कलाकृतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। चित्रकला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा की मनमोहक झलक देखने को मिली।



फीता काटकर मेले का उद्घाटन करते हुए राजीव सिसौदिया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जितेंद्र चौहान, प्रबंध निदेशक श्रीमती कनक चौहान ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आत्मविश्वास, रचनात्मकता, सहयोग एवं उद्यमशीलता जैसे गुणों को विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। मुख्य अतिथि राजीव सिसोदिया ने विद्यालय द्वारा आयोजित रचनात्मक एवं सांस्कृतिक आयोजन की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं उनके द्वारा प्रस्तुत कलात्मक गतिविधियों की भी प्रशंसा की।

गढ़वाल राइफल्स के संस्थापक की स्मृति में आईएचएमएस में वालीबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ

कोटद्वार (चिंगारी)। इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से आयोजित गढ़वाल राइफल्स के संस्थापक लॉट सूबेदार बलभद्र सिंह नेगी की स्मृति में अंतर विद्यालयी और अंतर महाविद्यालयी बालक, बालिका वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरु हो गई। पहले दिन कोटद्वार क्षेत्र के सभी स्कूल और डिग्री कॉलेज की बालिका खिलाड़ियों ने जीत के लिए दमखम दिखाया। कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी ने दीप प्रज्वलित और रिबन काट कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरुरी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की अपील की। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच से पूर्व



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मुख्य अतिथि।

कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी और कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने बालिका वर्ग में टीसीजी पब्लिक स्कूल और बलूनी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इसके बाद प्रतियोगिता शुरु हुई। दोनों टीमों के बीच पहला मैच जीतने के लिए काँटे की टक्कर हुई, लेकिन बलूनी ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच जीत लिया। इसके बाद बालिका वर्ग के लीग मैचों के बाद क्वार्टर फाइनल मैच हुए, जिसमें नवयुग पब्लिक स्कूल ने श्री गुरुराम राय पलिब्क स्कूल को लगातार दो सेट में हरा कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैच में एमकेवीएन स्कूल ने तीन सेटों में डेफोडिल्स को पराजित किया। बलूनी स्कूल ने राइजिंग सन को तीन सेट में हुई काँटे की टक्कर के बाद हराया, जबकि स्कॉलर्स एकेडमी ने डीएवी को दो सेटों में पराजित कर अगले पायदान पर कदम रखा। इस प्रकार अब नवयुग और एमकेवीएन, बलूनी और स्कॉलर्स एकेडमी के बीच सेमी फाइनल खेला जाएगा। मैच का आंखों देखा हाल असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र जगवान, अनुराग सेमवाल और वीरेंद्र आर्य ने सुनाया। इस अवसर पर कॉलेज के जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, खेल समन्वयक अंकित कुकरेती, डॉक्टर अजय आचार्य सहित विभिन्न विद्यालयों के खेल प्रशिक्षक, कॉजेल के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता आरंभ

कोटद्वार (चिंगारी)। सनेह क्षेत्र के अंतर्गत श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में वार्षिक शरदक्रीड़ा प्रतियोगिता आरंभ हो गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर गिरीश उनियाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। सरस्वती वंदना के बाद सभी सदनों के बच्चों ने मार्च पास्ट किया और प्रधानाचार्य को सलामी दी। इसी क्रम मे सभी सदन के बच्चों द्वारा खेल दिवस पर आधारित एक्ट व गढ़वाली, पंजाबी तथा कुमाऊनी गानों पर किए गए नृत्य ने सबका मन मोह लिया। प्रथम दिवस पर विभिन्न वर्गों की दौड़ और सीनियर वर्ग के क्रिकेट मैचों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षकाएं व छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

नियमित रूप से योगाभ्यास कराने वाले साधकों को किया सम्मानित

कोटद्वार (चिंगारी)। भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति की मासिक बैठक श्री गुरु राम राय स्कूल पदमपुर स्थित योग कक्षा में आयोजित की गई। इस अवसर पर पिछली कार्यवाही की समीक्षा की गई और योग, आयुर्वेद और स्वदेशी के क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी साझा की गई। साथ ही संस्था की अब तक की प्रगति पर चर्चा करते हुए योग के नए आयामों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय में नियमित रूप से योगाभ्यास करने वाले साधक डॉ. रवि नेगी, देवेंद्र रावत, बीना रावत, सुनीता बिष्ट, नीलम चौहान व वरुण कुमार और प्रियांशु कुमार को भी सम्मानित किया गया। वरूण कुमार व प्रियांशु कुमार का राष्ट्रीय स्तर की योग प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन हुआ है। बैठक में न्यास के जिला प्रभारी दिनेश जुयाल, राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमित सजवाण, भगवती प्रसाद, सत्यनारायण नौटियाल, विजय भाटिया, जेपी काला, सुशील वर्मा, राखी नौटियाल, पिंकी पोखरियाल, सुनीता ओझा, चंद्रकिशोर असवाल और उषा असवाल आदि उपस्थित रहे।

राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जनपदीय बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन

कोटद्वार (चिंगारी)। राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में खेल निदेशालय उत्तराखण्ड के सौजन्य एवं खेल विभाग पौड़ी के मार्गदर्शन में शशिधर भट्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों के 55 मुक्केबाजों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा एवं खेल कौशल का प्रदर्शन किया। स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व पार्षद एवं सचिव बॉक्सिंग एसोसिएशन पौड़ी कमल नेगी, पार्षद एवं उपाध्यक्ष बॉक्सिंग एसोसिएशन पौड़ी जयदीप नौटियाल, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सुनील रावत तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रकाश चंद भारद्वाज ने संयुक्त रूप से किया। तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिता के 40 से 44 किलोग्राम भार वर्ग में आनंद सिंह ने स्वर्ण, लक्षू ने रजत तथा अभिषेक पंवार एवं सुजल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 44 से 48 किलोग्राम भार वर्ग में मयंक अधिकारी ने स्वर्ण, ऋषभ बडोला ने रजत तथा सिद्धांत एवं दिव्यांशु ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 48 से 52 किलोग्राम भार वर्ग में दीपक रावत ने स्वर्ण, अभिषेक ने रजत तथा मयंक पंत एवं सुजल रावत ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 52 से 56 किलोग्राम भार वर्ग में चेतन ऐर ने स्वर्ण, युवराज आर्या ने रजत तथा प्रिंस एवं सुजल रावत ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 56 से 60 किलोग्राम भार वर्ग में लक्की बगड़वाल ने स्वर्ण, कृष्णा रावत ने रजत तथा अंशुमन सिंह एवं शिवांक सैनी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 60 से 63 किलोग्राम भार वर्ग में अंशवीर ने स्वर्ण, वंश खाती ने रजत तथा वैभव एवं शैलेंद्र ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 63 से 66 किलोग्राम भार वर्ग में अंश वेदवाल ने स्वर्ण, अभय धामी ने रजत तथा आशुतोष एवं सौरभ नेगी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं 66 से 70 किलोग्राम भार वर्ग में मयंक नेगी ने स्वर्ण, हिमांशु बिष्ट ने रजत तथा कार्तिक रावत एवं रिहान ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका मानसी नेगी, नितिन नेगी, रोहित राणा, हिमांशु बिष्ट, खुशबू, अंशिका, आरोही, कनक, हंसिका एवं मयंक नेगी ने निभाई।

'भारत को जानो' के विजेता छात्र अब प्रांतीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग

कोटद्वार (चिंगारी)। भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित की जाने वाली भारत को जानो प्रतियोगिता का द्वितीय चरण सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 24 स्कूलों के 72 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता संयोजक गोपाल बंसल ने बताया कि प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज उमरावनगर की रक्षिता व अभिनव ने पहला, टी सी जी पब्लिक स्कूल की अर्पिता नेगी व आरोही व मदरलैंड एकेडमी की अंकिता नेगी व अदीप रावत ने दूसरा व हैप्पी होम स्कूल के अथर्व सेमवाल व अंशुमन ने तीसरा सथान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में टीसीजी पब्लिक स्कूल की अर्चिता काला व अक्षत नेगी ने पहला, सिद्धबली पब्लिक स्कूल के वैभव थपलियाल व आयुष सिंह ने दूसरा व बाल भारती सीनिय सैकेण्डरी स्कूल की अंकिता रावत व प्रिया नेगी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बताया कि दोनों वर्गो मे प्रथम आने वाली टीम प्रान्तीय प्रतियोगिता मे भाग लेगी जो 22 नवम्बर 2026 को बहादराबाद हरिद्वार में सम्पन्न होगी ।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

बैंक को विदेशी कम्पनी को बेचने के विरोध में किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते हुए आईडीबीआई बैंक कर्मचारी।

कोटद्वार (चिंगारी)। आईडीबीआई बैंक इम्प्लाइज एवं बैंक अधिकारी यूनियन के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बैंक को विदेशी कंपनी को बेचने के केंद्र सरकार के निर्णय के विरोध में कोटद्वार स्थित आइडीबीआई बैंककर्मियों ने प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार से इस निर्णय को वापस लेने की मांग की। बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी देवी रोड स्थित बैंक गेट पर एकत्रित हुए और केंद्र सरकार द्वारा बैंक को विदेशी कंपनी को बेचने के निर्णय के विरोध में नारेबाजी की। कहा कि बैंक ने इस वित्तीय वर्ष में 9250 करोड़ रूपए का मुनाफा कमाया है। कर्मचारी व अधिकारी बैंक के मुनाफे को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, इस पर भी केंद्र सरकार बैंक को विदेशी कंपनी के हाथों बेचने पर आमादा है। बैंक को बेचने से कर्मचारियों व अधिकारियों का भविष्य खतरे में पड़ जायेगा। कहा कि सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। चेतावनी दी कि ऐसा न होने पर कर्मचारी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में शाखा प्रबंधक संदीप पांडे, उत्तरांचल बैंक इम्प्लाइज यूनियन के प्रांतीय सहायक महामंत्री वीरेंद्र सिंह रावत, मनोज कुमार, स्वीटी और राहुल रावत सहित सभी कर्मचारी शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

दिवाली पर खुशियों की रोशनी से जगमग होगा प्रेमधाम

प्रदीप अग्रवाल ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया अपने पौत्र का जन्मदिन



दिव्यांग बच्चों के साथ खुशियां साझा करते हुए प्रदीप अग्रवाल, डॉ. शुभम अग्रवाल व डॉ. अंशू सिंह।



बिजनौर (चिंगारी)। दुनियां में यूं तो तमाम व्यक्ति अपने जन्मदिवस और धार्मिक उत्सवों को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के वातावरण में मनाते हैं। परंतु सभी के भाग्य में रंग -बिरंगा संसार और और इस कायनात की खुशियां नहीं लिखी होती हैं। इनमें से कुछ लोग जन्म से ही नसीब के इतने कमज़ोर होते हैं कि उन्हें जमाने की खुशियां तो दूर अपनों का लाड़-प्यार तक भी नहीं मिल पाता है। मगर इसी संसार में कुछ ऐसे भी दयालु व्यक्ति हैं जिनके दिल के कोने में ऐसे अनाथ, बेसहारा एवं दिव्यांगजनों के लिए जगह होती है।

गीता नगरी बिजनौर निवासी ऐसे ही एक उदार व्यक्ति प्रदीप अग्रवाल व उनका पूरा परिवार है जिन्होंने अपने पौत्र के जन्मदिवस के अवसर पर प्रेमधाम आश्रम नजीबाबाद में रहने वाले उन सैकड़ों बच्चों, जिनमें से कुछ के हाथ नहीं, पैर नहीं, आंखों में रोशनी नहीं और सिर पर मां-बाप का साया नहीं, इस दिवाली उनके चेहरों पर मुस्कान लाने तथा उनके जीवन के पलों में रोशनी भरने का काम किया है।

पुण्य का यह महान कार्य प्रदीप अग्रवाल ने अपने पौत्र व डॉ. शुभम अग्रवाल तथा डॉ. अंशु सिंह के पुत्र ओजस अग्रवाल के जन्मदिवस पर चुना। जहां आमतौर पर लोग अपने बच्चों के जन्मदिवस अपने परिवार, रिश्तेदार व मित्रों संग मनाते हैं वहीं प्रदीप अग्रवाल ने अपने पौत्र का जन्म दिवस परिवार सहित प्रेमधाम आश्रम में उन मासूम बच्चों के साथ मनाया जो प्रेमधाम आश्रम में मिले प्रेम व स्नेह के अलावा आश्रम के बाहर के प्यार और रोशनी से पूरी तरह महरूम हैं। प्रदीप अग्रवाल के परिवार ने आश्रम में निवास करने वाले 250 अनाथ, बेसहारा एवं दिव्यांग बच्चों के जीवन को रोशनी से जगमग करने के लिए दिवाली के लिए सभी को नए कपड़े, खाना, आतिशबाजी एवं मिठाई प्रदान की है। कपड़ों से लेकर खाना, मिठाई और आतिशबाजी तक इस पूरी व्यवस्था पर अग्रवाल परिवार ने ढाई लाख रुपए खर्च कर मासूमों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम किया है।



प्रदीप अग्रवाल और उनके परिवार द्वारा किए गए परोपकार की यह खबर हर उस इंसान के लिए है जो इंसान स्वयं ही हजारों रुपयों के पटाखे फूंक देता हैं, और मिठाई सड़ने के लिए फ्रिज में रख देता है, पर अपने ही शहर के ऐसे बच्चों को नहीं देखता है जिनके पास कुछ नहीं है। प्रदीप अग्रवाल एवं उनके परिवार ने अपने इस पुण्य कार्य से समाज को आईना दिखाने का काम किया है।

गिफ्ट खोलते ही मासूमों के चेहरे खिल उठे

प्रदीप अग्रवाल के परिवार द्वारा दिए गए गिफ्ट खोलते ही उनमें मिले नए कपड़े देखते ही उन मासूम बच्चों के चेहरे खिल उठे जिन्हें मुस्कुराने का अवसर कम ही मिलता है। कोई बच्चा अपनी शर्ट और पैंट को देखकर खुश हो रहा था तो मासूम बच्चियां जिन्होंने कभी अपनी मां को नहीं देखा अपनी फ्रॉक पर हाथ फेरते हुए पूछ रही थी यह कपड़े मेरे लिए हैं। इन पलों का नज़ारा देखकर वहां मौजूद लोगों की नम आंखों को ऐसा महसूस हो रहा था मानो दुनियां की सारी खुशियां इन बच्चों के जीवन में एक साथ आ गईं हों। अभी तो बच्चों को सिर्फ कपड़े प्रदान किए गए हैं परन्तु दिवाली के दिन जब बच्चे प्रदीप अग्रवाल द्वारा की गई भोजन, मिठाई और आतिशबाजी की व्यवस्था के बीच रोशनी का पर्व दीवाली मनाएंगे तब शायद वह दिन उनकी खुशियों में और चार चांद लगा देगा।

प्रदीप अग्रवाल ने सिर्फ उपहार प्रदान नहीं किये बल्कि वह और उनके परिवार ने कई घंटे इन्हीं मासूम बच्चों के साथ गुजारे। किसी के बालों में हाथ फेरा, किसी को गोद में उठाया, किसी की पीठ थपथपाई तो अनाथ एवं दिव्यांग मासूमों को एहसास हुआ कि वह अनाथ और बेसहारा नहीं है। इस अवसर पर प्रदीप अग्रवाल कहते हैं कि उन्होंने कोई एहसान नहीं किया है अपने घर तो वह हर साल दिवाली मानते हैं, पर दिवाली की सच्ची रोशनी उन्हें इन बच्चों में दिखाई दी है। इन बच्चों की आंखों में जो करुणा व प्यार है, वह शायद कहीं और नहीं मिलेगा।



